


हरिभूमि
# रायपुर भूमि



## हो चुकी है मौत

अस्पताल में कुछ समय पहले डॉग बाइट का शिकार हुए एक मरीज की मौत हो चुकी है। बिलासपुर के पंडरिया में रहने वाले संतोष ध्रुव को छोटे से पिल्ले ने काटा था और सात माह के बाद रैबीज के संक्रमण से उसकी हालत खराब हो गई थी। आंबेडकर अस्पताल में अपना मानसिक संतुलन खोने के बाद इलाज के दौरान अगस्त के शुरुआती दिनों में उसकी मौत हो गई थी। संतोष ने डॉग बाइट के बाद वैक्सीन नहीं लगाने की गलती थी।

## लापरवाही ना करें

डॉग बाइट के शिकार होने के बाद लापरवाही बिलकुल ना करें। तुरंत अस्पताल पहुंचकर जख्म के अनुसार एंटी रैबीज वैक्सीन लगवाएं। अस्पतालों में वैक्सीन का पर्याप्त इंतजाम किया गया है।

\- **डॉ. मिथिलेश चौधरी,** सीएमएचओ

# सात महीने में 9000 लोग हुए डॉग बाइट के शिकार, नसबंदी केवल तीन हजार कुत्तों की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- रैबीज की रोकथाम सरकारी अस्पतालों में मौजूद वैक्सीन के भरोसे
- सीमित संसाधन के भरोसे जिले में एनिमल बर्थ कंट्रोल अभियान

आवारा कुत्तों की संख्या कम करने और रैबीज के दुष्प्रभाव को रोकने का अभियान केवल सरकारी अस्पतालों में मौजूद एंटी रैबीज वैक्सीन के भरोसे रह गया है। आंकड़े चौंकाने वाले हो सकते हैं, क्योंकि केवल रायपुर जिले में पिछले सात महीने में 9000 लोगों को कुत्ते ने काटा है। वहीं नगर-निगम द्वारा चलाए जा रहे एनिमल बर्थ कंट्रोल अभियान के तहत इस अवधि में करीब 3000 कुत्तों की नसबंदी की गई है। नगरीय प्रशासन विभाग का अभियान केवल औपचारिकता बनकर रह गया है। सुप्रीम कोर्ट ने बीमार और आक्रामक कुत्तों को छोड़कर शेष को ▶▶|शेष पेज 13 पर



## रोजाना दर्जनभर मामले

आंबेडकर अस्पताल से मिले आंकड़े के अनुसारर अगस्त के बीते 22 दिनों में डॉग बाइट का शिकार होकर 328 लोग अस्पताल पहुंचे। उन्हें कुत्तों से मिले जख्म के अनुसार वैक्सीन लगाया गया है। 22 दिन के आंकड़े बताते हैं कि अस्पताल में रोजाना औसतन दर्जनभर लोग कुत्तों के हमले का शिकार होकर अस्पताल पहुंच रहे हैं। पीड़ितों की संख्या को ध्यान में रखते हुए वहां पर्याप्त संख्या एंटी रैबीज वैक्सीन की व्यवस्था की गई है।

### हजारों की भीड़ वाली सभा में दी गई बेमुद्दत हड़ताल की चेतावनी

# सरकारी कर्मियों की हड़ताल का असर दफ्तरों में सन्नाटा, कामकाज बंद रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आह्वान पर शुक्रवार को राज्य के मंत्रालय से लेकर सचिवालय और जिलों से लेकर ब्लाक तक सरकारी कर्मी हड़ताल पर रहे। दावा है कि इस आंदोलन की वजह से कई शासकीय कार्यालयों में ताले लगे रहे। कर्मचारियों ने काम बंद कलम बंद का नारा देकर पूर्व घोषित अभियान के तहत यह आंदोलन किया है। अब फेडरेशन का कहना है कि अगर सरकार ने हमसे संवाद नहीं किया, तो राज्यभर में अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी।

फेडरेशन ने अपने आंदोलन की शुरुआत के पहले दिन भारी सफलता का दावा किया है। कहा जा रहा है कि आज की हड़ताल अभूतपूर्व रही है। इस आंदोलन के कारण सरकारी कार्यालयों में कामकाज पूरी तरह प्रभावित रहा। मंत्रालय, इंद्रावती में काम करने वाले शासकीय सेवकों से ▶▶|शेष पेज 13 पर

## प्रदेश के सभी संभाग और जिलों में रहा आंदोलन का असर

### कर्मियों में रहा काफी उत्साह

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा एवं संभाग प्रभारी चंद्रशेखर तिवारी का कहना है कि रायपुर में कलम बंद, काम बंद आंदोलन को लेकर ▶▶|शेष पेज 13 पर



### ये है फेडरेशन का दावा

फेडरेशन ने आंदोलन के लिए संभाग स्तर पर तैयारी की थी। इसके तहत राज्य के अलग-अलग जिलों में हड़ताल की गई। रायपुर के साथ बिलासपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, बेमेतरा, कबीरधाम, मानपुर मोहला, जांजगीर चांपा, गौरेला, मरवाही, सारंगढ़, बस्तर और सरगुजा संभाग के जिलों में वहां के संभागीय एवं जिला स्तर के नेताओं ने विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया।


### ये हैं फेडरेशन की प्रमुख मांग

केंद्र सरकार के समान कर्मचारियों एवं पेंशनरों को देय तिथि से महंगाई भत्ता (डीए) लागू किया जाए। डीए एरियर्स की राशि कर्मचारियों के जीपीएफ खाते में समायोजित हो। सभी कर्मचारियों को चार स्तरीय समयमान वेतनमान, लिपिकों, शिक्षकों, स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग सहित विभिन्न संवर्गों की वेतन विसंगतियों को दूर करने पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक किया जाए। प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना करते हुए संपूर्ण सेवा लाभ दिया जाए।पंचायत सचिवों का शासकीयकरण किया जाए। सहायक शिक्षकों एवं सहायक पशु चिकित्सा अधिकारियों को तृतीय समयमान वेतनमान दिया जाए।नगरीय निकाय के कर्मचारियों को नियमित मासिक वेतन एवं समयबद्ध पदोन्नति, अनुकंपा नियुक्ति नियमों में 10 प्रतिशत सीलिंग में शिथिलीकरण की जाए। प्रदेश में कैशलेश सुविधा लागू की जाए। अर्जित अवकाश नगदीकरण 300 दिवस की जाए। दैनिक,अनियमित,संविदा कर्मचारियों को नियमित करने की ठोस नीति बने। सभी विभागों में समानता लाते हुए सेवानिवृत्त आयु 65 वर्ष की जाए।








छत्तीसगढ़ के दुलरवा बेटा
छत्तीसगढ़िया मन के मान बढ़इया
भूपेश भैया, हमर भूपेश भैया
भूपेश बघेल जी के कार्यकाल
में हुए महत्वपूर्ण कार्य
• लगभग 18 लाख किसानों का 10000 करोड़ का कृषि ऋण माफ किया गया
• किसानों का लगभग 350 करोड़ सिंचाई कर माफ किया गया
• 2500 रुपए से अधिक कीमत पर प्रति क्विंटल धान खरीदने वाला पहला राज्य
• किसानों का धान प्रति एकड़ 20 क्विंटल खरीदा गया
• राम वन गमन पर्यटन परिपथ का विकास
• शहीद महेंद्र कर्मा तेंदूपत्ता संग्राहक सामाजिक सुरक्षा योजना
• राजीव गांधी किसान न्याय योजना
• गोधन न्याय योजना
• राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना
• 65 प्रकार की लघु वनोपज की समर्थन मूल्य में खरीदी
• मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना
• मुख्यमंत्री सुपोषण योजना
• डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना
• छत्तीसगढ़ में 3 नए मेडिकल कॉलेज की स्थापना
• छत्तीसगढ़ के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को बिजली बिल हाफ योजना के तहत लगभग 42 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को लगभग 3500 करोड़ की छूट दी गई है
• मुख्यमंत्री मितान योजना, हरेली, तीजा, मां कर्मा जयंती, विश्व आदिवासी दिवस, छठ पूजा की अवकाश
• मुख्यमंत्री शहरी स्लम योजना, पढ़ई तुहर दुआर योजना
• स्वामी आत्मानंद स्कूलों की स्थापना
• 2500 रुपये युवा बेरोजगारी भत्ता
आंगनबाड़ी, मितानिन, स्कूल रसोइया,
स्कूल सफाई कर्मचारी मन के मानदेय बढ़इया
मान. भूपेश बघेल जी ला जन्मदिन के गाड़ा-गाड़ा बधाई
भूपेश भैया आप जियो हजारों साल
गिरीश देवांगन
पूर्व अध्यक्ष-छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम
(पूर्व केबिनेट मंत्री दर्जा)
उपाध्यक्ष - प्रदेश कांग्रेस कमेटी
शिव सिंह ठाकुर
पूर्व उपाध्यक्ष
RDA छत्तीसगढ़ रायपुर
मोहम्मद असलम
पूर्व अध्यक्ष
हज कमेटी छत्तीसगढ़ रायपुर
तनवीर आलम
सुशील सन्नी अग्रवाल
पूर्व अध्यक्ष-छत्तीसगढ़ भवन एवं
अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल, BOCW
(पूर्व केबिनेट मंत्री दर्जा)

# ईवी पर संकट, 50 हजार से अधिक वाहनों की सौ करोड़ रुपए सब्सिडी अब तक नहीं मिली

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ इलेक्ट्रिक वाहन यानी ईवी चलाने वाले 50 हजार से अधिक ग्राहकों को अब तक सरकार ने ईवी पर दी जाने वाली सब्सिडी नहीं दी है। जानकारों के मुताबिक यह पूरी रकम सौ करोड़ रुपयों तक की होगी।

खास बात ये है कि सरकार पहले ही ईवी के लिए मिलने वाली सब्सिडी में कटौती करते हुए हाईब्रिड वाहनों को दी जाने वाली छूट भी खत्म कर चुकी है। हालांकि इस संबंध में परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि राशि मिलने में विलंब हो सकता है, लेकिन रकम मिलेगी। दरअसल राज्य में ईवी के प्रचलन को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने कुछ साल पहले अपनी ईवी पालिसी बनाई थी। इसके तहत ईवी खरीदने वालों को उनके वाहन की कीमत के हिसाब से सब्सिडी राशि का प्रावधान था। काफी संख्या में लोगों ने ये वाहन इस छूट का लाभ लेने के लिए खरीदे थे। हालांकि ये भी सही है कि राज्य में बड़ी संख्या में ग्राहकों को सब्सिडी की राशि मिल चुकी है, लेकिन पिछले कुछ समय से यह राशि राज्य सरकार जारी नहीं कर रही है। नतीजतन करीब 50 हजार वाहनों की सब्सिडी की राशि जो 100 करोड़ रुपए या उससे भी अधिक है, का भुगतान नहीं हो पाया है।

### पहले ही चल चुकी है कटौती की कैंची

राज्य में ईवी के मामले में एक अन्य महत्वपूर्ण तथ्य ये भी है, सरकार ने मई में ईवी को मिलने वाली सब्सिडी में कटौती कर दी थी। इसके साथ ही हाईब्रिड वाहनों पर दी जाने वाली छूट पूरी तरह समाप्त कर दी थी। अब इलेक्ट्रॉनिक वाहनों (ईवी) में 50 फीसदी रोड टैक्स में छूट के बाद अब 50,000 रुपए की सब्सिडी की राशि नहीं मिल रही है। ईवी के खरीदार को वाहन की मूल कीमत का न्यूनतम 10 फीसदी और अधिकतम 1 लाख रुपए ही सब्सिडी मिलेगी। वहीं हाइब्रिड वाहनों को मिलने वाली छूट को समाप्त कर दिया गया है। उन्हें किसी भी तरह की सब्सिडी नहीं दी जा रही है। इस संबंध में अधिकारियों का तर्क है कि हमे इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहित करना है, लेकिन हाईब्रिड वाहन पूरी तरह ईवी नहीं है। छत्तीसगढ़ में इलेक्टिक वाहनों की खरीदी को प्रोत्साहित करने के लिए अगस्त 2022 को ईवी पॉलिसी लागू की गई है। इसके तहत नियमानुसार 5 साल के लिए 2027 तक ईवी की खरीदी करने वालों को नियमानुसार छूट और सब्सिडी दिए जाने का प्रावधान किया गया था।

### नए वाहनों पर पहले से ही है कटौती




## खबर संक्षेप



### रायपुर से देहरादून तक ट्रेन चलाने की मांग

**रायपुर।** उत्तराखंड समाज विकास समिति ने राजधानी रायपुर से उत्तराखंड की राजधानी देहरादून तक ट्रेन चलाने की मांग करते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को ज्ञापन सौंपा। इस संबंध में समिति के अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह बिष्ट ने जानकारी देते हुए बताया कि रायपुर से लखनऊ तक चलने वाली गरीब रथ ट्रेन को लखनऊ से आगे बढ़ाकर देहरादून तक चलाने साथ ही गोंडवाना एक्सप्रेस, समता एक्सप्रेस और हमसफर एक्सप्रेस को देहरादून तक चलाने मांग की है, जिससे उत्तराखंड के लोगों को आवागमन में सुविधा हो सके।

### गणेशोत्सव समितियों को बिजली विभाग ने दिए निर्देश

**रायपुर।** बिजली विभाग की ओर से गणेश समितियों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं, जिसमें कहा गया है कि गणेशोत्सव के लिए लगाए गए पंडालों की स्थापना विद्युत लाइन, ट्रांसफार्मरों से पर्याप्त दूरी पर हो। आवश्यक विद्युत व्यवस्था का अनिवार्य रूप से संबंधित जोन कार्यालय से अस्थायी विद्युत कनेक्शन नियमानुसार लें। अनाधिकृत/अवैध रूप से विद्युत उर्जा का उपयोग विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध है।

## निधन

### पूरनलाल आहूजा



**रायपुर।** तेलीबांधा गली नंबर-4 निवासी पूरनलाल आहूजा का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 23 अगस्त प्रातः 11 बजे निवास स्थान से तेलीबांधा मुक्तिधाम जाएगी। वे रामचंद, मनोहरलाल, अर्जुनदास, नरेश, रमेश, कन्हैया, योगेंद्र, शंकर आहूजा के भाई एवं संतोष आहूजा के पिता थे।

### सुलोचना देवी बजाज



**रायपुर।** लॉ-विस्टा कॉलोनी अमलीडीह निवासी सुलोचना देवी बजाज (85) का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 23 अगस्त को निवास स्थान से महादेवघाट श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे स्व. भगवती प्रसाद बजाज की पत्नी, स्व. विजय, अजय व जय की माता, कैलाश, किशन व विनय बजाज की चाची थीं।

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने विक्रेता-श्रीमती गोदावरी देवांगन पति- स्व. भुखन लाल देवांगन, निवासी-म.नं.- 54/464 शिक्षक कालोनी, वार्ड नंबर 59 डी. डी. नगर, डंगनिया रायपुर छ.ग. से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की आबादी भूमि मय मकान जो कि वाके मौजा ग्राम डंगनिया, प.ह.नं.-58, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित निगम क्षेत्र के भीतर वार्ड क्रमांक- 40, रायपुर छ.ग. में स्थित हैं, जिसका आबादी खसरा नंबर- 208 का भाग का रकबा 1277 वर्गफुट भूमि हैं, जिस पर भूतल पर पटाव वाला मकान निर्मित हैं, जो कि जीर्ण शीर्ण स्थिति में हैं, उपरोक्त वर्णित भूमि मय मकान का म्युनिसिपल मकान नंबर- RPR569L 00545 हैं, उक्त मकान संपत्ति को मेरे पक्षकार द्वारा क्रय करने बाबत विक्रेता से पक्की बातचीत कर सौदा तय किया जा चुका है, केवल उपरोक्त वर्णित भूमि मय मकान/संपत्ति के विक्रय बैनामा का पंजीयन किया जाना शेष है।

अतः एतद द्वारा सर्वसाधारण जनता, व्यक्ति, संस्था, निकाय, निगम सरकारी, गैर सरकारी संस्था, बैंक, वित्तीय संस्थाएँ इत्यादि को सूचित किया जाता है कि, यदि उक्त सौदे में उन्हें कोई उजर आपत्ति या दावा हो तो इस आम सूचना प्रकाशन से 07 दिवस के भीतर में मेरे निम्न लिखित पते में दस्तावेज सहित आपत्ति दावा प्रस्तुत करें। समयावधि व्यतीत होने के पश्चात मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति के विक्रय विलेख का निष्पादन एवं पंजीयन अपने पक्ष में करवा लेगें एवं बाद म्याद की गई कोई भी आपत्ति अवैध एवं शून्य मानी जावेगी जो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। अतः सूचना जाने।

स्थान -रायपुर (छ.ग.) दिनांक- 22.08.2025

भवदीय,
मुकेश साहू, खुमेन्द्र साहू, अजीत सिंह
अधिवक्तागण,
मोती नगर बोरियारोड रायपुर,
पो. सुन्दरनगर तह. व जिला रायपुर (छ.ग.)
मो.नं. - 98271-16487,
93002-96804, 98271-91198

## शहर अव्यवस्थित, अधिकारी एवं कर्मचारी करते हैं खानापूर्ति

# जिला-निगम प्रशासन के आदेश कागजों तक सिमटे, धरातल पर इनका पालन नहीं





हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

जिला प्रशासन और नगर निगम प्रशासन हर साल कई बार राजधानी रायपुर को स्मार्ट सिटी के रूप में व्यवस्थित करने, शहर को समस्याओं से मुक्त करने तथा नियमों का पालन करने संबंधी ऐसे कई आदेश जारी करता है, लेकिन ये सभी आदेश कागजों तक ही सिमट कर रह जाते हैं, क्योंकि इन आदेशों को अमलीजामा पहनाने वाले अधिकारी एवं कर्मचारी ही खानापूर्ति कार्यवाही कर इन आदेशों का मखौल उड़ाते हैं। यही कारण है कि पिछले कई वर्षों में शहर न ही आवारा मवेशी, आवारा कुत्ता मुक्त हो पाया है और न ही सड़कें कब्जा मुक्त हो पाई हैं। टैंकर मुक्त, अंडरग्राउंड विद्युत केबल, नाली-नालों की सफाई, उन्हें ढकने का काम, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, व्यावसायिक परिसरों में पार्किंग, ट्रैफिक समस्या, तेज ध्वनि प्रदूषण, शहर में धरना-प्रदर्शन पर रोक जैसे कई आदेश निकाले गए हैं।

इन सभी आदेशों में अभी तक मात्र खानापूर्ति कार्यवाही की गई है, जिसके कारण रायपुर अभी तक स्मार्ट शहर के रूप में व्यवस्थित नहीं हो पाया है।

### हरिभूमि ने खंगाला आदेशों को, इनमें ज्यादातर कागजों तक सिमटे हुए

*हरिभूमि ने पिछले 6 साल में जिला प्रशासन और नगर निगम प्रशासन ने जितने आदेश जारी किए हैं, इनकी पड़ताल की। इस पड़ताल से पता चला कि ज्यादातर आदेश कागजों तक तो प्रचलन में हैं, लेकिन इनका पालन कराने में अधिकारी-कर्मचारी ही बच रहे हैं। इसके तो वैसे कई कारण हैं, जिनमें सबसे बड़ा कारण फंड की कमी है। इसके अलावा वोट बैंक की राजनीति, स्वीकृत फंड का अन्य मदों में खर्च किया जाना, अनियमितता के साथ एक कारण कार्य में कोताही बरतना भी है। इन कारणों से प्रशासन के आदेश कागजों तक ही सिमट कर रह जाते हैं।*

### इन आदेशों का भी पालन नहीं

निजी जर्जर भवनों को धराशायी कराने का, भारी गाड़ियों का रात 12 बजे के बाद शहर में एंट्री, डीजे पर प्रतिबंध, तेज ध्वनि, प्रतिबंधित जर्दा गुटखा, व्यावसायिक परिसर में पार्किंग व्यवस्था सहित अन्य कई आदेश हैं, जो जारी तो हुए हैं, लेकिन सिर्फ कागजों तक।

### एक नजर...ये आदेश जारी पर कार्यवाही खानापूर्ति

*केस :1: शहर को आवारा मवेशी एवं आवारा कुत्तों से मुक्त करने जिला और नगर निगम प्रशासन ने योजना के साथ अभियान भी चलाया है। इस संबंध में आदेश भी जारी हुए हैं, लेकिन इन आदेशों के बाद भी शहर अभी तक आवारा मवेशी एवं कुत्तों से मुक्त नहीं हो पाया है। परिणाम स्वरूप शहर में आवारा मवेशियों के जमावड़ा से सड़क हादसे और कुत्तों के काटने से लोग घायल हो रहे हैं।*

*केस :2 : नाली-नालों को ढकने का आदेश भी रायपुर नगर निगम ने जारी किया था। इस आदेश के तहत बहुत कम वार्डों में कहीं-कहीं नाली-नालों को ढका गया है। इसके बाद से ये योजना बंद है। इससे इन नाली-नालों से दुर्गंध, बारिश के समय में सड़क पर गंदा पानी का भराव होता है।*

*केस :3 : शहर की ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए जिला प्रशासन ने शहर की सड़कों एवं किनारे पर अवैध रूप से ठेला-गुमटी, पार्किंग सहित अन्य अवैध कब्जों को मुक्त करने का आदेश जारी किया है। इस आदेश पर भी मात्र खानापूर्ति कार्रवाई की जाती है। इस कारण शहर की ट्रैफिक व्यवस्था बद से बदतर हो गई है।*

*केस :4 : गर्मी के दिनों में हर साल शहर में पानी की गंभीर समस्या बनी रहती है। इसके कारण निगम को पानी टैंकरों से आपूर्ति करनी पड़ती है। निगम ने शहर को टैंकर मुक्त करने संबंधी निर्देश दिए थे, जो अभी तक नहीं हो पाया है।*

*केस :5 : जल संरक्षण की दिशा में निगम प्रशासन ने सभी शासकीय भवनों एवं निजी, व्यावसायिक सोसाइटियों में वाटर हार्वेस्टिंग लगाना अनिवार्य करते हुए आदेश जारी किया है। यह आदेश भी कागजों तक सिमटा हुआ है।*

*केस :6 : जलभराव मुक्त शहर बनाने संबंधी निर्देश भी निगम ने दिए है। इस निर्देश के बाद भी शहर के अनेकों वार्डों के कालोनी, मोहल्लों एवं बस्ती में बारिश के दिनों में जलभराव-बाढ़ की स्थिति निर्मित होती है।*

*केस :7 : अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाने संबंधित आदेश भी जिला एवं निगम प्रशासन ने जारी किया है। इस आदेश पर भी मात्र खानापूर्ति कार्रवाई की जा रही है। इन मामलों में एफआईआर के आदेश हैं, लेकिन जिले में एक हजार से ज्यादा मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें में मात्र कुछ प्रकरणों में ही एफआईआर कराई गई है।*

*केस :8 : त्योहारों, स्कूल परीक्षा के समय में रात 10 बजे के बाद ध्वनि प्रदूषण पर भी रोक लगाने का आदेश जारी किया जाता है, जिसका पालन नहीं कराया जाता।*

*केस :9 : शहर में धरना-प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगाया गया है। इस संबंध में आदेश भी जारी हुआ है। इसके बाद भी शहर में धरना-प्रदर्शन किए जा रहे हैं। इसे रोक पाने में प्रशासन विफल रहा है।*

*केस: 10 : निगम ने सिंगल यूज प्लास्टिक पर भी प्रतिबंध लगा रखा है। इसके बाद भी सिंगल यूज प्लास्टिक की थैली, पानी पाउच, गिलास सहित अन्य चीजों का निर्माण, बिक्री, इस्तेमाल खुलेआम हो रहा है।*

## गृहमंत्री के निवास के सामने प्रदर्शन

# जबरन तूता ले जाने से नाराज महिला ने पी लिया फिनाइल

- महिलाएं लंबे अरसे से कर रही हैं प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



अनुकंपा नियुक्ति की मांग को लेकर दिवंगत पंचायत शिक्षाकर्मी अनुकंपा नियुक्ति संघ दो दिनों से प्रदर्शन कर रहा है। शुक्रवार को प्रदर्शनकारी महिलाएं गृहमंत्री विजय शर्मा के निवास पहुंची थीं। बंगले में मंत्री के नहीं होने से 50 से ज्यादा महिलाएं बंगले के बाहर धरने पर बैठ गईं। कानून व्यवस्था बनाए रखने पुलिस प्रदर्शनकारी महिलाओं को धरना स्थल तूता ले जाने लगी। इस दौरान एक प्रदर्शनकारी अश्विनी सोनकर नाम की महिला ने फिनाइल पी लिया। मौके पर उपस्थित महिला पुलिसकर्मियों ने महिला के हाथ से बोतल छीन कर उपचार के लिए आंबेडकर अस्पताल में दाखिल कराया है। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने आरोप लगाया है कि चुनाव के पूर्व भाजपा ने उन्हें अनुकंपा नियुक्ति देने वादा किया था। चुनाव के डेढ़ साल बाद भी सरकार वादा पूरा नहीं कर रही। महिलाएं तीन सौ दिनों से ज्यादा समय से धरना-प्रदर्शन कर रही हैं। प्रदर्शन में वे महिलाएं शामिल हैं, जिनके परिजन संविलियन (समायोजन) से पहले ही दिवंगत हो गए थे। नियम के अनुसार उन दिवंगत शिक्षाकर्मी के परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति देने का प्रावधान है।

*पुलिस ने कहा महिला की हालत सामान्य : महिला के फिनाइल पीने की घटना के बाद सिविल लाइंस पुलिस से संपर्क किया गया। पुलिस अफसरों ने महिला की हालत सामान्य बताया है, साथ ही प्रदर्शनकारी महिलाओं को समझाइश देकर धरना स्थल तूता छोड़कर आने की बात कही। गृहमंत्री के निवास के सामने प्रदर्शन करने को लेकर पुलिस ने फिलहाल किसी के खिलाफ अपराध दर्ज नहीं किया है। मौके पर पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं।*

# जेल से फरार कैदी का अब तक सुराग नहीं, तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



- स्थानीय पुलिस उत्तरप्रदेश पुलिस के संपर्क में

सेंट्रल जेल रायपुर से भागे कैदी चंद्रवीर सिंह का अब तक किसी तरह से पुलिस को कोई सुराग नहीं मिला है। चंद्रवीर की पतासाजी करने पुलिस की टीम उसके छिपने के संभावित ठिकानों के बारे में जानकारी जुटा रही है। चंद्रवीर की गिरफ्तारी के लिए गंज थाने की पुलिस तथा सेंट्रल जेल प्रबंधन उत्तरप्रदेश पुलिस के संपर्क में है। फरार कैदी मथुरा का रहने वाला है। चंद्रवीर को गांजा तस्करी करने के आरोप में कोर्ट ने 15 साल कैद तथा तीन लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

पुराना जेल मुख्यालय में मरम्मत कार्य के लिए चंद्रवीर सहित पांच बंदियों को जेल परिसर ले जाया गया था। इस दौरान दोपहर एक से डेढ़ बजे के बीच चंद्रवीर जेल प्रहरी की आंखों में धूल झोंककर पीछे के दरवाजे से फरार हो गया। कैदी के भागने के बाद जेल प्रबंधन ने अपने स्तर पर उसकी पतासाजी की। कैदी के नहीं मिलने पर जेल प्रशासन ने गंज थाने में कैदी के भाग जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई।

कैदी के भाग जाने की घटना के बाद जेल प्रशासन के साथ गंज थाने की पुलिस ने उत्तरप्रदेश पुलिस से संपर्क किया है। साथ ही उत्तरप्रदेश पुलिस को कैदी की संपूर्ण जानकारी दी है।

### रेलवे स्टेशन में नहीं मिला फूटेज

कैदी की पतासाजी करने के संबंध में गंज थाने की पुलिस से संपर्क किया गया, तो उनका कहना था कि चंद्रवीर चकमा देकर भागने के बाद पंडरी स्थित पुराना बस स्टैंड जहां काफी घनी झाड़ियां हैं, वहां से भागा होगा। इसके बाद भीड़ में शामिल होकर सड़क के रास्ते ट्रक या अन्य किसी माध्यम से लिफ्ट लेकर विधानसभा मार्ग या फिर बिलासपुर मार्ग की ओर फरार हुआ होगा। चंद्रवीर की तलाश करने पुलिस ने रेलवे स्टेशन से लेकर स्टेशन पर में लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल की, लेकिन पुलिस को वहां कैदी का किसी तरह से फूटेज नहीं मिला है। कैदी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने आरपीएफ तथा जीआरपीएफ से मदद मांगी है।

## कुछ दफ्तर के गेट तक नहीं खुले

# कर्मचारियों की हड़ताल से कलेक्टोरेट के सभी विभागों में पसरा रहा सन्नाटा



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आव्हान पर शासकीय कर्मचारी शुक्रवार को काम बंद कर हड़ताल पर रहे। कर्मचारियों के दफ्तरों में नहीं पहुंचने के कारण कलेक्टोरेट स्थित सभी विभागों के कार्यालयों में भी सन्नाटा पसरा रहा, जिसके कारण कामकाज भी पूरी तरह से ठप रहा। हड़ताल के कारण कुछेक कार्यालय के तो गेट तक नहीं खुले। इधर कर्मचारियों की हड़ताल से अंजान कुछ लोग कई विभाग के कार्यालय पहुंचते रहे, लेकिन कर्मचारियों के नहीं होने से उन्हें बैरंग लौटना पड़ा।

आबकारी, खनिज, समग्र शिक्षा, आदिवासी, राजस्व सहित कई विभागों में दिनभर पसरा रहा सन्नाटा कर्मचारियों की हड़ताल के कारण कलेक्टोरेट स्थित आबकारी, खनिज, समग्र शिक्षा, आदिवासी विकास, राजस्व विभाग, नजूल, योजना एवं सांख्यिकी सहित अन्य विभागों में दिनभर सन्नाटा पसरा रहा। हालांकि कई विभागों में अधिकारी अपनी कुर्सी पर बैठे दिखे, लेकिन कर्मचारियों के नहीं आने से वे भी कुछ घंटे बैठने के बाद चले गए।

### तहसील कार्यालय में ठप रहा कामकाज

हड़ताल के कारण तहसील कार्यालय में भी सन्नाटा पसरा रहा। कुछ तहसीलदारों के दफ्तर में संविदा में कार्यरत कर्मचारी जरूर नजर आए, लेकिन वे भी टाइम पास करते दिखे। हड़ताल से अंजान कई लोगों का अपने काम से तहसील कार्यालय में भी दिनभर आना-जाना लगा रहा। यहां आने के बाद जब उन्हें पता चला कि कर्मचारी हड़ताल पर हैं, तो वे लौट गए। इस तरह हड़ताल के कारण राजस्व से संबंधित कामकाज भी पूरी तरह ठप रहा।

### रजिस्ट्री कार्यालय बंद रहा, गेट पर लटका मिला ताला

हड़ताल के कारण रजिस्ट्री कार्यालय ही नहीं खुला। रजिस्ट्री कार्यालय के मेन गेट पर ताला लटका मिला। इस गेट पर पर्चा भी चस्पाया गया था, जिसमें कर्मचारियों के हड़ताल के कारण कार्यालय नहीं खुलने की जानकारी लिखी हुई थी। हड़ताल के कारण जिन लोगों ने रजिस्ट्री का अपाइंटमेंट ले रखा था, उनका कैंसिल कर दिया गया। इन लोगों को अब दोबारा अपाइंटमेंट लेना पड़ेगा।

## पेज 11 के शेष ...

### सात महीने में...

नसबंदी करने के बाद उसी इलाके में छोड़ने का फैसला दिया है, जिस क्षेत्र से उन्हें उठाया गया है। रायपुर जिले में आवारा कुत्तों की नसबंदी का अभियान काफी समय से चल रहा है, मगर कुत्तों की संख्या और डॉग बाइट की घटनाओं पर इसका कोई खास असर होता नहीं दिख रहा है। स्वास्थ्य विभाग के डेटा के मुताबिक जनवरी से जुलाई तक रायपुर जिला अस्पताल सहित विभिन्न विकासखंड के स्वास्थ्य केंद्रों में इस अवधि में 6500 लोग डॉग बाइट के शिकार होकर पहुंचे हैं। वहीं आंबेडकर अस्पताल में करीब 2500 लोगों ने आकर रैबीज से बचाव के लिए वैक्सीन लगवाया है। नगर-निगम अपने सीमित संसाधनों के माध्यम से इन छह महीनों में करीब 3000 कुत्तों की नसंबदी कर पाया है। इसके बाद भी हर गली-मोहल्ले में कुत्तों का जमावड़ा हमले के इंतजार में खड़ा नजर आता है।

### सरकारी कर्मियों की...

लेकर जिले व ब्लाक स्तर के कर्मी भी हड़ताल में शामिल रहे। फेडरेशन का कहना है कि प्रदेश सरकार की मोदी की गारंटी योजना को लेकर कर्मचारियों में भारी असंतोष देखा गया, जिसके चलते इंद्रावती भवन से लेकर प्रदेशभर के शासकीय कार्यालयों में सन्नाटा छाया रहा। अधिकतर स्कूलों में ताले लटके रहे। नगरीय निकायों के कर्मचारियों ने अवकाश लेकर प्रभावशाली प्रदर्शन किया। प्रदेश के विश्वविद्यालयों में भी शिक्षक एवं कर्मचारियों ने अवकाश लेकर फेडरेशन के आंदोलन का समर्थन किया। आंदोलन के कारण वरिष्ठ अधिकारियों को नवा रायपुर स्थित शासकीय कार्यालयों तक पहुंचने में कठिनाई हुई।

### कर्मियों में रहा...

काफी उत्साह देखने को मिला। जिला संयोजक पीतांबर पटेल एवं नवा रायपुर विभागाध्यक्ष कार्यालय के अध्यक्ष जय कुमार साहू के नेतृत्व में कर्मचारियों ने सड़क पर उतरकर 11 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। महासमुंद के जिल संयोजक टेकराम सेन, धमतरी के जिला संयोजक चंदूलाल चंद्राकर, गरियाबंद के जिला संयोजक एम आर खान और बलौदाबाजार के जिला संयोजक एल एस ध्रुव के नेतृत्व में उग्र प्रदर्शन किया गया। आंदोलन में सभी जिलों के कर्मचारियों एवं शिक्षकों ने अवकाश लेकर सरकार के खिलाफ रोष व्यक्त किया।

### लोधी समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह

**रायपुर।** वीरांगना अवंती बाई लोधी की जयंती के उपलक्ष्य में जय अवंती लोधी क्षत्रिय समाज द्वारा 24 अगस्त को स्वजातीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में समाज के अध्यक्ष तेजसिंह जंघेल ने बताया कि छत्तीसगढ़ स्तरीय प्रतिभा प्रोत्साहन कार्यक्रम के तहत 10वीं एवं 12वीं के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन देने सम्मनित किया जाएगा।

HEALTH TOWN
रामकथा
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## ग्राम खौली में शराब की अवैध बिक्री जोरों पर

**आरंग।** आबकारी विभाग द्वारा प्रस्तावित शराब दूकान के विरोध में मुखर आंदोलन कर दूकान न खुलने देने वाले खरोरा थाना क्षेत्र के ग्राम खौली में ग्रामीणों की कड़ाई के बाद भी कतिपय असामाजिक तत्व अब भी अवैध शराब बिक्री करने से बाज नहीं आ रहे। फर्क सिर्फ इतना पड़ा है कि अब खुले आम के बदले चोरी छिपे शराब बिक रही हैं लेकिन ग्रामीण अब इसे भी रूकवाने आमादा हो गये है और ग्रामीणों की सूचना पर बीते दिनों दो कोचिये पुलिस व आबकारी अमला के सपड़ मे आ गये। ज्ञातव्य हो कि खौली में प्रस्तावित शराब दूकान के खिलाफ आसपास के ग्रामों के ग्रामीणों के सहयोग से मुखर आंदोलन कर शराब दूकान न खुलने देने वाले ग्रामीणों ने ग्रामीण व्यवस्था के तहत अवैध शराब बिक्री पर प्रतिबंध लगा रखा है। किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा ने कहा है कि कतिपय दिनों से क्षेत्रवासियों के मुखर न होने के चलते मंदिर हसौद व आरंग थाना क्षेत्र के ग्रामों में कतिपय शराब सप्लायर व कोचियों की मदद कर रहे हैं।

## 20 फीट की ऊंचाई से गिरे श्रमिक की मौत

**तिल्दा नेवरा।** कोनारी के राम दूत फैक्ट्री में ऊंचाई से गिरकर एक मजदूर की इलाज के दौरान हो गई मौत, नेवरा पुलिस ने किया मामला दर्ज। नेवरा पुलिस से मिली जानकारी अनुसार तिल्दा ब्लॉक के ग्राम कोनारी स्थित रामदूत फैक्ट्री में काम करने के दौरान विगत 2 जून 2025 की सुबह लगभग 20 फीट की ऊंचाई से गिरने पर एक मजदूर घायल हो गया जिसे रायपुर के कृष्णा अस्पताल में उपचार हेतु भर्ती कराया गया था और उपचार के दौरान 13 जून को उसकी मृत्यु हो गई । पुलिस ने बताया कि मृतक मजदूर का नाम सद्दाम अंसारी पिता निजामुद्दीन अंसारी उम्र 34 वर्ष ग्राम मुरमाकला जिला पलामू झारखंड निवासी था, नेवरा पुलिस ने उक्त पुराने मामले में रामदूत फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ सुरक्षा में लापरवाही बरतने के तहत फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ धारा 106,(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## खो-खो कोच भीमराज का किया गया सम्मान

**नवापारा।** ग्राम थनौद, रायपुर के भीमराज तारक को कवर्धा में 22 से 24 अगस्त तक आयोजित होने वाली प्रथम छत्तीसगढ़ खो-खो लीग प्रतियोगिता के लिए निर्णायक (ऑफिशियल) के रूप में चुना गया है। वह रायपुर जिले से एकमात्र ऐसे व्यक्ति हैं जिन्हें यह सम्मान मिला है। भीमराज तारक अपने गांव के बच्चों को निःशुल्क खो-खो का प्रशिक्षण देते हैं। उनकी कोचिंग से कई बच्चे राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक पहुँच चुके हैं। उनकी इस उपलब्धि पर ग्राम पंचायत थनौद के सरपंच प्रतिनिधि अक्षय कुमार साहू, उपसरपंच प्रतिनिधि देवकुमार विश्वकर्मा और अन्य ग्रामीणों ने उन्हें बधाई दी है।

# विश्व बंधुत्व दिवस पर किया रक्तदान शिविर, डोनरों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि जी की 18वीं पुण्यतिथि एवं विश्व बंधुत्व दिवस के उपलक्ष्य में आज तिल्दा स्थित ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र में "विशाल रक्तदान अभियान - 2025" का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, रायपुर शाखा के सहयोग से लगाए गए रक्तदान शिविर में सैकड़ों लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर मानव सेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10 बजे हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. सत्यनारायण पांडे, रेड क्रॉस प्रमुख रायपुर, पतीराम जानी जी, आरपीएफ . प्रमुख तिल्दा, ब्रह्माकुमारी कांति, राजयोग शिक्षिका तिल्दा, डॉ. उमा पैकरा सीएचसी प्रमुख तिल्दा, रानी जैन पार्षद तिल्दा, समाजसेवी सौरभ जैन तिल्दा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

**राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की पुण्यतिथि पर किया गया रक्तदान शिविर**



### एक यूनिट से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है

ब्रह्माकुमारीज बहनों ने सभी का स्वागत किया। तत्पश्चात अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया और रक्तदान के महत्व पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि रक्तदान मानव जीवन की सबसे बड़ी सेवा है और यह आयोजन समाज में भाईचारे और एकता को बढ़ावा देने वाला है। डॉक्टरों की टीम द्वारा उचित जांच के बाद सभी योग्य दाताओं से रक्त संग्रहित किया गया। रक्तदान की प्रक्रिया पूर्णतः सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण में सम्पन्न हुई। समाज के विभिन्न वर्गों के लोग, विशेषकर युवा, बुजुर्ग और महिलाएँ, बड़ी संख्या में रक्तदान करने पहुँचे। शिविर के दौरान मुख्य अतिथियों ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया और कहा कि "एक यूनिट रक्त तीन लोगों की जिंदगी बचा सकता है। यह सच्ची सेवा और सबसे बड़ा दान है। कार्यक्रम के अंत में रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। साथ ही, उपस्थित सभी अतिथियों एवं समाजसेवियों ने दादी प्रकाशमणि जी के सेवा और समर्पण के जीवन संदेश को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

### केंद्र के समान महंगाई भत्ता व अन्य देयकों की 11 सूत्रीय मांगों पर आवाज की बुलंद

# सरकार की वादा खिलाफी पर बिफरे कर्मचारी, फेडरेशन ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

छत्तीसगढ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय इकाई के आह्वान पर एवं जिला ईकाई के निर्देशानुसार कलम बंद, काम बंद ऑदोलन के द्वितीय चरण में आरंग विकास खंड के सभी विभागों के कर्मचारी-अधिकारियों ने फेडरेशन के आह्वान पर एक दिवस का अवकाश लेकर विकास खंड संयोजक माणिक लाल मिश्रा के नेतृत्व मे रायपुर पंहुचकर जिला स्तरीय धरना-प्रदर्शन स्थल इंडोर स्टेडियम के अंदर मैदान मे आयोजित धरना-प्रदर्शन में शामिल हुए कर्मचारी अधिकारीगण विधान सभा चुनाव के पूर्व मोदी की गारंटी के रूप जारी घोषणा पत्र में सरकार द्वारा किए गए वादे के अनुरूप राज्य के कर्मचारी-अधिकारी एवं पेंशनरों को केंद्र के समान देय दिनांक से महंगाई भत्ता प्रदान करने, पूर्व के लंबित महंगाई भत्ते की एरियर्स राशि को जी.पी.एफ. खाते में समायोजित करने, समस्त कर्मचारी-अधिकारियों को सेवाकाल के दौरान चार स्तरीय समयमान वेतनमान प्रदान करने, वर्तमान में लंबित दो




प्रतिशत महंगाई भत्ता प्रदान केंद्र के समान देय दिनांक से देने सहित 11 सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर ऑदोलन कर रहे हैं।

### मांगों की उपक्षा से आक्रोश

प्रथम चरण में 16 जुलाई को इन लंबित मांगों को पूरा करने पूरे राज्य के विकास खंड मुख्यालय/जिला मुख्यालयों में मुख्य मंत्री/मुख्य सचिव छत्तीसगढ शासन के नाम ज्ञापन सौंपकर निवेदन किया गया था किन्तु मांगो पर शासन स्तर पर सकारात्मक पहल नही होने के कारण आज अपनी आवाज शासन तक पहुंचाने के लिए एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया गया, संयोजक माणिक लाल मिश्रा ने कहा यदि अब भी शासन प्रशासन द्वारा हमारी नैतिक व जायज मांगो को अनसुना की जाती है तो आने वाले समय मे प्रांतीय इकाई द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल जैसे कदम उठाए जा सकते हैं। धरना-प्रदर्शन मे आरंग ब्लॉक से तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के तहसील अध्यक्ष रामकुमार सिन्हा, छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ से तहसील अध्यक्ष भूखन चंद्राकर, विकास खंड अध्यक्ष विजय चंद्राकर, प्रफुल्ल मांझी, छ.ग. व्याख्याता संघ से डी के. राहंगडाले, उपसंयोजक टेपेन्द्र बैस, सचिवद्वय नितिन मिश्रा, एन.के. गिलहरे, संगठन सचिव राजकुमार नारंग, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार चंद्राकर, राजस्व पटवारी संघ के अध्यक्ष बद्रीप्रसाद टंडन, पटवारी संघ के सचिव राहुल जोशी, स्वास्थ्य संयोजक संघ अध्यक्ष धनेश कुमार बघेल, पेंशनर फेडरेशन के संयोजक लक्ष्मण प्रसाद पनका, संतोष देवांगन, एस के उपरडे, अर्जुन राम कन्नौजे, जी आर मिरी, प्रह्लाद शर्मा, पीताम्बर दास मानिकपुरी, वेदप्रकाश पटेल, उत्तम दास जोगी सहित सैंकड़ो की संख्या में कर्मचारी-अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पोला आज मनाएंगे, मिट्टी के बैलों की सजीं दुकानें



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

आरंग एवं ग्रामीण अंचल के प्रमुख पर्व पोला 23 अगस्त को उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाएगा। पर्व की तैयारी को लेकर पिछले कुछ दिनों से शहर के बाजार में मिट्टी के बैल और छोटे-छोटे खिलौने बिकने शुरू हो गए हैं।

बच्चों में पोला पर्व को लेकर काफी उत्साह है। मिट्टी से बने बैल अलग-अलग रंगों के साथ डिजाइन में एवं मिट्टी से बने पोला और खिलौने जैसे चूल्हा, मटका, कढाई, गंजी समेत अन्य प्रकार से बने मिट्टी के बर्तन बिकने के लिए दुकानें लगनी शुरू हो गईं। छत्तीसगढ़ अपनी संस्कृति और त्योहारों के लिए दुनियाभर में मशहूर है। यहां के प्रमुख त्योहारों में से एक त्योहार है पोला, जिसे हर साल भादो की अमावस्या को बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। इसमें अन्नादाता के साथी यानी बैल को सजाकर विशेष पूजा की जाती है। छत्तीसगढ़ कृषि प्रधान राज्य है इसलिए यहां कृषि कार्य में बैल का विशेष योगदान होता है, जहां बोआई से लेकर बियासी तक किसान बैल का उपयोग करते हैं। मिट्टी के बैल की पूजा करने के बाद बच्चे मिट्टी के बर्तनों और मिट्टी के बैलों के साथ खेलते हैं। पोला तिहार मूल रूप से खेती-किसानी से जुड़ा पर्व है। इस त्योहार में बैलों को विशेष रूप से सजाया जाता है। उनकी पूजा-अर्चना की जाती है। घरों में बच्चे मिट्टी से बने नंदीबैल और बर्तनों के खिलौनों से खेलते हैं। घरों में ठेठरी, खुरमी, गुड़-चीला, गुलगुल भजिया जैसे पकवान तैयार किए जाते हैं और उत्सव मनाया जाता है।

# मंत्री खुशवंत गुरु का आगमन कल, भव्य स्वागत की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा हाल ही में मंत्रीमंडल का विस्तार किया गया है, जिसमें आरंग विधानसभा क्षेत्र के विधायक गुरु खुशवंत साहेब को मंत्रिमंडल में स्थान देते हुए कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार व अनुसूचित जाति विकास मंत्री बनाया गया है। मंत्री बनने के उपरांत गुरु खुशवंत का प्रथम आरंग आगमन 24 अगस्त को तय हुआ है, अब तक के इतिहास में भाजपा के सरकार बनने पर पहली बार आरंग विधानसभा क्षेत्र से मंत्री बनाया गया है, जिसको लेकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं में काफी उमंग व उत्साह नजर आ रहा है। भाजपा आरंग मंडल के अध्यक्ष देवनाथ साहू ने जनकारी देते हुए बताया कि 24 अगस्त को मंत्री जी अपने निज निवास से दोपहर 1 बजे प्रस्थान करेंगे, जोकि की दोपहर 2 बजे मंदिर हसौद पहुचेंगे वहां स्थानीय निवासियों व भाजपा मंदिर हसौद मंडल के नेतृत्व मे कार्यकर्ताओ द्वारा स्वागत अभिनंदन किया जावेगा। साथ ही युवा मोर्चा द्वारा बाइक रैली के माध्यम से पलौद मोड़ तक पहुचेंगे। जहा भाजपा अटल नगर मंडल के नेतृत्व में स्वागत किया जावेगा। उसके पश्चात लखौली व रसनी में भी कार्यकर्ता व ग्रामवासियों द्वारा स्वागत किया जावेगा। उसके पश्चात मंत्री का काफिला युवा मोर्चा के बाइक रैली के साथ आरंग बैहार तिगड्डा चौक शाम 04 बजे पहुचेगा, जो कि नगर के मुख्य मार्ग से क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त करते हुए बस स्टैंड में मंचीय कार्यक्रम के साथ समापन होगा। इसकी तैयारी को लेकर भारतीय जनता पार्टी आरंग विधानसभा अंतर्गत समोदा, मंदिरहसौद, अटल नगर, आरंग मंडल के कार्यकर्ता, पदाधिकारी तैयारी में जुट चुके है।





# दही हांडी लूट स्पर्धा में ईगल हैप्पी क्लब प्रथम

**अभनपुर।** सार्वजनिक दहीहंडी समिति अभनपुर के तत्वावधान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ब्लॉक कॉलोनी मैदान में भव्य दहीहंडी उत्सव का आयोजन किया गया। उत्सव मे नगर के ही समितियो को एंट्री दी गई थी,युवाओ के समूहो को दही हांडी फोडने के लिए खूब मशक्कत करनी पड़ी,उंची हांडी तक पहुंचने के लिए कई बार प्रयास करने पड़े ,कार्यक्रम मे आकर्षण लाइटिंग और सजावट ने माहौल को और भव्य बना दिया। उपस्थित अतिथियो द्वारा प्रतियोगिता मे प्रथम विजेता ईगल हैप्पी क्लब अभनपुर बस्ती, द्वितीय विजेता बड़े उरला अभनपुर श्री श्याम टीम वही तृतीय विजेता बाजीगर टीम, उपरपारा को क्रमशः 21 हजार ,11 हजार एवं तृतीय टीम को सांवत्ना 2100 रूपये एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष उत्रसेन गहिरवारे,उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी, जिपं.सदस्य यशवंत साहू, पार्षद रानू राठी, दीक्षा राठी, नीलकमल गिलहरे, रूपनारायण साहू, राधाकृष्ण टंडन, दिलीप अग्रवाल, किशन शर्मा सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियो ने विजेता टीम को बधाई दी वही कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए समिति ने नगर के जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों एवं नगरवासियो के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया। आयोजक समिति मे योगेश राठी, वरूण राठी, शशि शर्मा, लौटन गिलहरे, गोयल भट्ट, सागर साहू, सागर बारले, मृत्युंजय साहू, शुभम पांडेय, अनुज शर्मा, निखिल साहू, अनिमेश तिवारी, मयंक गुप्ता, राज फरिकार, गिरिश चाण्डक, सागर राठी, चाहत अग्रवाल सहित बड़ी संख्या मे नगरवासी उपस्थित रहे।


# पार्षद दीक्षा के तीजा कार्यक्रम में महिलाओं के लिए हुईं स्पर्धाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

पालिका अभनपुर के वार्ड14 की पार्षद श्रीमती दीक्षा राठी द्वारा छत्तीसगढ़ के प्रमुख त्यौहार तीजा एवं पोला के थीम पर तीजा तिहार का आयोजन सद्भावना कुटी मे किया गया। कार्यक्रम में महिलाओ ने पारंपरिक श्रृंगार करवाया, मेंहदी लगाई और तोहफे में श्रृंगार सामग्री पाई।

कार्यक्रम में मनोरंजन का तडक़ा भी खूब देखने मिला कुर्सी दौड़, जलेबी दौड़, फुगड़ी और पासिंग बॉल जैसे खेलों में महिलाओं ने पूरे उत्साह से हिस्सा लिया वही इस तिहार मे करुभात, ठेठरी, खुरमी, गुलगुला भजिया जैसे देसी व्यंजनों का महिलाओं ने स्वाद चखा। इस अवसर पर पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू की बड़ी बहू श्रीमती प्रतिभा प्रवीण साहू विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने कार्यक्रम में महिलाओं की भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से न सिर्फ हमारी संस्कृति जीवित रहती है, बल्कि महिलाओं को एकसाथ आने का अवसर भी मिलता है। पार्षद दीक्षा राठी ने समस्त महिलाओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा हमारी संस्कृति और परंपराएं तभी जीवित रहेंगी जब हम इन्हें मिल-जुलकर मनाएं। यह आयोजन महिलाओं के लिए समर्पित था और आपकी मुस्कान ही इसकी सबसे बड़ी सफलता है। इस दौरान ब्रम्हाकुमारी भगवती बहनजी,देवनंदनी साहू,श्रीमति शैल मिश्रा,किरण साहू,अनुसूईया साहू सहित अनेक महिलाएं शामिल रही।



## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय बुनकर अधिवेशन आज से, केंद्रीय मंत्री गिरिराज करेंगे उद्घाटन

**रायपुर।** सहकारिता के माध्यम से बुनकर समाज को नई दिशा देने और उन्हें संगठित करने के उद्देश्य से सहकार भारती द्वारा दो दिवसीय प्रथम राष्ट्रीय बुनकर अधिवेशन का आयोजन किया जा रहा है। यह अधिवेशन राजधानी रायपुर के जैनम मानस भवन में 23 अगस्त को सुबह 11 बजे से आयोजित होगा। कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री द्वय अरूण साव एवं विजय शर्मा तथा मंत्री रामविचार नेताम, लखनलाल देवांगन शामिल होंगे। विशेष अतिथि के रूप में सहकारिता मंत्री केदार कश्यप कार्यक्रम में शामिल होंगे। साथ ही महापौर मीनल चौबे भी उपस्थित रहेंगी। अधिवेशन का मार्गदर्शन सहकार भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. उदय जोशी और राष्ट्रीय महामंत्री दीपक कुमार चौरसिया और राष्ट्रीय संगठन मंत्री संजय पाचपोर करेंगे।



### महिलाओं की निःशुल्क कैंसर जांच

**रायपुर।** जिला प्रशासन रायपुर एवं बालको मेडिकल सेंटर रायपुर के संयुक्त सहयोग से महिलाओं के स्वास्थ्य संरक्षण के लिए 'प्रोजेक्ट रक्षा' की शुरुआत की गई है। इस परियोजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर महिलाओं में स्तन कैंसर, मुख कैंसर एवं गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर की निःशुल्क जांच की जा रही है। इस अभियान के अंतर्गत अब तक 242 महिलाओं की जांच की जा चुकी है, जिसमें सभी का मुख कैंसर परीक्षण किया गया, साथ ही 8 महिलाओं की मैमोग्राफी एवं 4 महिलाओं की पैप स्मीयर जांच की गई हैं।

### कांग्रेस बोली- भाजपा सरकार गली, मोहल्लों में शराब बिकवा रही

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, भाजपा की सरकार बनने के बाद छत्तीसगढ़ अवैध शराब का केंद्र बन चुका है। पान ठेलों, किराना दुकानों में शराब बिक रही है। साय सरकार गली, मोहल्लों में शराब बिकवा रही, अवैध होलोग्राम लगा कर प्रदेशभर के शराब दुकानों में शराब बेची जा रही, राजधानी में तो एक किराना दुकान में शराब बेची जा रही है। कमोबेश पूरे प्रदेश में यही हालात हैं। विपक्ष में रहकर पूर्ण शराबबंदी की बात करने वाले शराब की काली कमाई में लगे हैं। श्री शुक्ला ने कहा, साय सरकार द्वारा लगातार शराबखोरी को संरक्षण देने वाले निर्णयों से प्रमाणित है कि भाजपा का शराबबंदी के लिए प्रदर्शन केवल राजनैतिक पाखंड था। साय सरकार का शराब प्रेम मनपसंद ऐप और 67 नई शराब दुकान खोल दी गई, 700 से अधिक शराब दुकानों को कंपोजिट होने से देशी-अंग्रेजी मिलाकर दोगुनी शराब दुकान हो गई है। भाजपा नेताओं का फोकस केवल कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार में है और इसके लिए प्रदेश की नशे में डुबोने का षड्यंत्र रचा है।



### बच्चों को दिया गया जीवनरक्षक प्रशिक्षण

**रायपुर।** प्रोजेक्ट सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जीवनरक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसमें स्कूली बच्चों को जीवनरक्षक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस कड़ी में शुक्रवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मांट में 105 बच्चों व शिक्षकों को प्रथम बैच में प्रशिक्षण दिया गया। द्वितीय बैच में स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम विद्यालय गनियारी तिल्दा में 150 बच्चों शिक्षकों को तथा 3rd बैच में शासकीय हाई स्कूल घेवरा में 60 बच्चों को प्रशिक्षण दिया गया। छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षकों को भी प्राथमिक उपचार और सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन)

# प्रदेश में बनेंगे 166 महतारी सदन, 49 करोड़ 80 लाख रुपए की मंजूरी

**सदन में कमरा, शौचालय, बरामदा, हाल, किचन और स्टोररूम**
**05 साल में सभी ग्राम पंचायत में महतारी सदन बनेंगे**




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में 166 महतारी सदन बनाए जाएंगे। राज्य सरकार ने इस काम के लिए 49 करोड़ 80 लाख रुपए मंजूर किए हैं। प्रदेश की प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने तथा आपसी समरसता स्थापित करने सामायिक कार्यक्रमों में सामूहिक भागीदारी तथा महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देशानुसार महतारी सदन का निर्माण कार्य किया जाएगा।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि न्यू इंडिया के ग्रोथ साइकल में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आत्मनिर्भर भारत अभियान महिलाओं की क्षमता को देश के विकास के साथ जोड़ रहा है। प्रदेश के ग्राम पंचायतों में बनने जा रहा महतारी सदन भी इसी दिशा में एक प्रयास है। उन्होंने कहा कि लगातार ग्राम भ्रमण के दौरान महिलाओं द्वारा बैठने की स्थान न होने की शिकायत की और बैठने हेतु स्थान दिलाने की मांग की जाती रही इसलिए महतारी सदन बनाने का विचार आया। इसके बाद महिलाओं को रोजगार दिलाने और उनको काम काज के लिए स्थान उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश सरकार गांवों में महतारी सदन बनाने जा रही है।

### सदन बनेंगे 25 सौ वर्गफीट में

बताया गया है कि अब तक 368 महतारी सदन की स्वीकृति इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिये जारी किया गया है। कार्यों में एकरूपता के दृष्टिकोण से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा कार्य का एक मानक डिजाइन एवं प्राक्कलन तैयार किया गया है। प्रति महतारी सदन की लागत राशि रुपये 30 लाख होगी। 5 वर्षों में सभी ग्राम पंचायतों में महतारी सदन बनाने की योजनाप्रदेश के सभी ग्राम पंचायतों में महतारी सदन बनाया जाएगा। महतारी सदन बनाने की शुरुआत हो गयी है। पहले चरण में प्रदेश के प्रत्येक विकासखंड में महतारी सदन बनना प्रारंभ किया जा रहा है व 5 साल में सभी ग्राम पंचायत में महतारी सदन बनेंगे। प्रदेश में बनने वाले महतारी सदन का निर्माण लगभग 25 सौ वर्गफीट में कराया जाएगा। सदन में कमरा, शौचालय, बरामदा, हाल, किचन और स्टोररूम जैसी सुविधाएं रहेंगी। पानी के लिए ट्यूबवेल के साथ वाटर हार्वेस्टिंग भी किया जाएगा। महिलाओं की सुरक्षा के लिए इसमे बॉउंड्रीवाल भी बनाये जाएंगे। महतारी सदन में सामुदायिक शौचालय का भी निर्माण किया जाएगा।

**सिंगापुर सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार के बीच विचार-विमर्श**

# आईआईएम रायपुर ने सिंगापुर के साथ शैक्षणिक एवं शोध सहयोग किया मजबूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय प्रबंधन संस्थान रायपुर, एनआईटी रायपुर तथा आईआईटी भिलाई ने संयुक्त रूप से सिंगापुर गणराज्य के महावाणिज्य दूतावास के कौंसुल (राजनीतिक) जेरोम वोंग एवं सुश्री एरिका के साथ उच्चस्तरीय संवाद किया। इस बैठक का उद्देश्य शैक्षणिक एवं शोध सहयोग के नए मार्ग तलाशना था। यह बैठक भारत–सिंगापुर राजनयिक संबंधों की 60वीं वर्षगांठ की पृष्ठभूमि में आयोजित की गई तथा शिक्षा, नवाचार और कौशल विकास के क्षेत्रों में सहयोग को और गहरा बनाने पर केंद्रित रही।

बैठक में वरिष्ठ शैक्षणिक लीडर्स ने भाग लिया, जिनमें प्रो. संजीव प्राशर, निदेशक-प्रभारी, भाप्रसं रायपुर, प्रो. राजीव प्रकाश, निदेशक, आईआईटी भिलाई, डॉ. एनवी. रमण राव, निदेशक, एनआईटी रायपुर, अजीत भटपहाड़ी, जीएम-सीएसटीडीसी, प्रो. सुमीत गुप्ता, भाप्रसं रायपुर तथा डॉ. अनुज शुक्ला, एनआईटी रायपुर उपस्थित रहे।

चर्चा के दौरान सिंगापुर सरकार और छत्तीसगढ़ राज्य सरकार के बीच सहयोग के व्यापक अवसरों पर विचार हुआ। छत्तीसगढ़ को उसके बढ़ते औद्योगिक आधार के कारण सेमीकंडक्टर विकास और उससे संबंधित सहयोग का संभावित केंद्र बताया गया। सिंगापुर के विश्वविद्यालयों के साथ संयुक्त पाठ्यक्रम शुरू करने तथा अंतर्राष्ट्रीय छात्र विनिमय कार्यक्रमों के विस्तार पर भी सहमति बनी। सिंगापुर के प्रतिनिधियों ने भारतीय संस्थानों और सिंगापुर के विश्वविद्यालयों के बीच शोध सहयोग, छात्र विनिमय एवं द्वैध-डिग्री कार्यक्रमों की संभावनाओं को साकार करने के लिए सक्रिय सहयोग की इच्छा व्यक्त की। इन सहयोगों को सक्षम बनाने के लिए डेटा सेंटर और डिजिटल अवसंरचना की महत्ता पर भी बल दिया गया। छत्तीसगढ़ सरकार और सिंगापुर सरकार के प्रतिनिधियों ने छत्तीसगढ़ एवं सिंगापुर में स्थित विश्वविद्यालयों, उद्योगों और नीतिगत निकायों के बीच सहयोग की संभावनाओं पर भी चर्चा की।



### शोध, नवाचार और सतत विकास के लिए साझा मंच

सभी लीडर्स ने साझा दृष्टिकोण को दोहराया कि भारत और सिंगापुर के संस्थान मिलकर शोध, नवाचार और सतत विकास के लिए मंच तैयार करें। भारत के नवाचार-उन्मुख शैक्षणिक संस्थानों और सिंगापुर की कौशल-आधारित शिक्षण एवं शोध विशेषज्ञता को मिलाकर वैश्विक स्तर पर प्रासंगिक ऐसे कार्यक्रम बनाए जाएंगे, जो विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करें। बैठक का समापन सकारात्मक और आशावादी वातावरण में हुआ, जिसे भाप्रसं रायपुर में आयोजित सम्मान समारोह ने और विशेष बना दिया। इस अवसर पर साझा पहलों की रूपरेखा तैयार करने की प्रतिबद्धता भी व्यक्त की गई।

# किसान मोर्चा के अध्यक्ष के पदभार समारोह में तोखन साहू, श्याम बिहारी और गजेंद्र यादव का आज सम्मान

- आधा दर्जन जिला पंचायत और 9 जनपद अध्यक्षों का भी होगा सम्मान
- किसान मोर्चा के जिलों के पदाधिकारियों के साथ सभी मंडल अध्यक्ष भी आएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश किसान मोर्चा के नए अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर के पदभार समारोह को बड़ा ही भव्य बनाया जा रहा है। शनिवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में होने वाले इस कार्यक्रम में सभी 476 मंडलों के अध्यक्षों के साथ ही सभी जिलों के किसान मोर्चा के पदाधिकारियों को भी बुलाया गया है। समारोह में किसान मोर्चा के अध्यक्ष रहे केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, प्रदेश के मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, गजेंद्र यादव के साथ सभी पूर्व अध्यक्षों, प्रदेश महामंत्री रहे सांसद राधेश्याम राठिया के साथ प्रदेश किसान मोर्चा में पदों पर रहने वाले पांच जिला पंचायत और 9 जनपद अध्यक्षों का भी सम्मान किया जाएगा।

प्रदेश भाजपा की नई कार्यकारिणी के साथ ही सात मोर्चा के अध्यक्षों का भी ऐलान किया गया है। इसमें किसान मोर्चा का अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर को बनाया गया है। पहली बार ऐसा हो रहा है कि किसी मोर्चा के अध्यक्ष का पदभार समारोह बड़े व्यापक पैमाने पर किया जा रहा है। ठाकरे परिसर में होने वाले समारोह में पांच सौ से ज्यादा किसान मोर्चा के मंडल और जिला स्तर के पदाधिकारियों को बुलाया गया है। प्रदेश के पदाधिकारी भी कार्यक्रम में रहेंगे।



### पुराने पदाधिकारियों का सम्मान

मोर्चा के नए अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया, पदभार समारोह में सभी को बुलाने का मकसद कोई शक्ति प्रदर्शन नहीं, बल्कि किसान मोर्चा में पहले अध्यक्ष, महामंत्री सहित अन्य पदों पर रहने वालों का सम्मान करना है। तीन पूर्व अध्यक्ष जो मंत्री बन गए हैं, उनके अलावा पहले प्रदेश अध्यक्ष नारायण सिंह चंदेल, भूपेंद्र सिंह, संदीप शर्मा और पूनम चंद्राकर के साथ एक महामंत्री और अन्य पदों पर रहने वाले जो इस समय जिला पंचायतों के अध्यक्ष हैं, उनमें कांकेर की किरण नरेटी, मुंगेली के श्रीकांत पांडेय, छुईखदान की प्रियंका ताम्रकार, बालोद की तारिणी चंद्राकर, जिला पंचायत बालोद के उपाध्यक्ष तोमन साहू और कोरबा के अध्यक्ष पवन सिंग शामिल हैं। कार्यक्रम में प्रदेश के मंत्री रामविचार नेताम और केदार कश्यप के भाजपा के कई प्रदेश पदाधिकारी भी रहेंगे। पूर्व पदाधिकारियों के सम्मान केंद्रीय मंत्री तोखन साहू और किसान मोर्चा के अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर करेंगे। अंत में तोखन साहू का सम्मान किसान मोर्चा के सभी पदाधिकारी करेंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी को एक मां पेड़ के नाम लगाने के लिए पेड़ों का वितरण किया जाएगा।

# अब महंत ने 14वां मंत्री हटाने की मांग की, राज्यपाल को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने छत्तीसगढ़ के राज्यपाल को पत्र लिखकर नियम विरुद्ध एक अतिरिक्त मंत्री को हटाए जाने की मांग की है। इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सार्वजनिक रूप से चौहदवें मंत्री का विरोध कर चुके हैं। वे भी लगातार इस मुद्दे को उठा रहे हैं।

डॉ. महंत ने राज्यपाल को पत्र में लिखा कि छत्तीसगढ़ के मंत्रिपरिषद् में मंत्रियों की कुल संख्या, भारत का संविधान के अनुच्छेद 164 (1 क) के विपरीत, विधानसभा के सदस्यों की कुल संख्या के 15 प्रतिशत से अधिक हो जाने के कारण, एक मंत्री को पद से हटाया जाये। अपने पत्र में उन्होंने भारत के संविधान के अनुच्छेद तथा उपबंध का हवाला भी विस्तार से दिया है।

डा. महंत ने पत्र में कहा है कि 20 अगस्त को तीन नये मंत्रियों द्वारा पद की और गोपनीयता की शपथ ग्रहण कर लेने से मंत्रिपरिषद् के मंत्रियों की मुख्यमंत्री सहित कुल संख्या 14 हो गई है। छत्तीसगढ़ विधानसभा के सदस्यों की कुल संख्या 90 है। संविधान के अनुच्छेद 164 (1 क) के अनुसार राज्य की मंत्रिपरिषद में मुख्यमंत्री सहित मंत्रियों की कुल संख्या पन्द्रह प्रतिशत से अधिक नहीं होगी, 90 का 15 प्रतिशत 13.50 होता है, अर्थात मंत्रियों की संख्या मुख्यमंत्री सहित, 13.50 से अधिक नहीं होगी। वर्तमान में यह संख्या 14 है, जो 13.50 से अधिक है। डॉ. महंत ने कहा कि 14 मंत्रियों में से किसी एक मंत्री को पद से हटाते हुए संविधान के अनुच्छेद 164 (1 क) का पालन किया जाना सुनिश्चित करें।



# मुजगहन, सेजबहार, दंतरेंगा सहित दर्जनभर ग्रामों में अघोषित बिजली कटौती से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- कांग्रेसियों ने विद्युत विभाग कार्यालय के सामने नारेबाजी कर मुख्य अभियंता को सौंपा ज्ञापन

राजधानी रायपुर से लगे ग्राम सेजबहार, मुजगहन, दतरेंगा, धनेली, कांदुल, टेमरी, बोरियाकला सहित लगभग दर्जनभर ग्रामों में इन दिनों अघोषित बिजली कटौती की जा रही है, जिससे यहां रहने वाले लोग परेशान हैं। विद्युत विभाग की अघोषित बिजली कटौती के विरोध में शुक्रवार को कांग्रेस नेता पंकज शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने माना स्थित उपसंभाग विद्युत कार्यालय के सामने नारेबाजी की। इसके बाद मुख्य अभियंता संदीप वर्मा को ज्ञापन सौंपकर व्यवस्था सुधारने की मांग की।

इन गांव के कुछ लोगों ने अघोषित विद्युत कटौती को लेकर कांग्रेस नेता पंकजा शर्मा से शिकायत की थी। इस शिकायत के बाद पंकज शर्मा ने इन ग्रामों में जाकर स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्या सुनी। स्थानीय लोगों ने उन्हें बताया कि वे लगातार जूनियर इंजीनियर एवं अन्य अधिकारियों से इस समस्या के निराकरण के लिए निवेदन कर चुके हैं, लेकिन केवल आश्वासन ही मिला। यह समस्या अभी भी जस की तस बनी हुई है। कटौती के कारण बिजली बंद होने के दौरान लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

पंकज शर्मा ने बताया कि इन गांवों में विगत कई दिनों से लगातार अघोषित रूप से विद्युत कटौती की जा रही है, साथ ही लो-वोल्टेज की समस्या भी बनी हुई है। गर्मी के दिनों में यहां रहने वाले लोगों को अत्याधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। अभी भी बिना बिजली के उमस भरी गर्मी में लोग अपने घर के बाहर बैठने के लिये मजबूर हो रहे हैं। बच्चे, बीमार और बुजुर्ग लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। उन्होंने ज्ञापन देने के साथ अल्टीमेटम भी दिया है कि अगर सप्ताहभर के भीतर व्यवस्था सुधारी नहीं गई, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन एवं ज्ञापन सौंपने के दौरान कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष योगेन्द्र सोलंकी, चंद्रहास निर्मलकर, माधव साहू, हिरेन्द्र देवांगन, चंपालाल देवांगन सहित अन्य कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।




# केंद्र की सहकारिता संयुक्त संचालक ने रायपुर के सहकारी बैंक का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारत सरकार की संयुक्त संचालक सहकारिता रेणु शेखावत ने यहां आकर रायपुर के जिला केंद्रीय सहकारी बैंक का जायजा लिया। बताया गया है कि रेणु शेखावत छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान गुरुवार को सहकारी बैंक रायपुर की अधीनस्थ समिति पिपरौद एवं भानसोज गईं। इस दौरान समितियों की कार्य प्रणाली जैसे माईको एटीएम., कॉमन सर्विस सेंटर, पैक्स कम्प्यूटराइजेशन, ऋण वितरण एवं अन्न भण्डारण योजना की जानकारी ली। समिति भवन एवं गोदामों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों एवं हितग्राहियों से बातचीत की। पिपरौद में दुग्ध सहकारी समिति एवं भानसोज में जन औषधि केन्द्र का भी निरीक्षण किया।



### पहुंचीं सहकारी बैंक में

श्रीमती शेखावत ने शुक्रवार को जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, रायपुर मुख्यालय के ऐतिहासिक भवन का अवलोकन किया। बैंक प्रांगण में पौधा रोपण के बाद बैंक के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में सहकारी बैंक की मुख्य कार्यपालन अधिकारी, अपेक्षा व्यास ने बैंक के इतिहास एवं क्रियाकलापों की जानकारी दी। बैंक अंतर्गत सहकारी समितियों के पैक्स कम्प्यूटराइजेशन की प्रगति, बैंक की वित्तीय स्थिति के संबंध में बताया । श्रीमती शेखावत द्वारा बैंक एवं समितियों में आने वाली कठिनाइयों को सुना गया एवं उनके निराकरण के लिए केन्द्र स्तर पर पहल करने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर सावित्री भगत, संयुक्त आयुक्त, युगल किशोर वर्मा, उपायुक्त, पूर्णिमा सिंह, उप आयुक्त एवं अभिषेक तिवारी, प्रबंधक अपेक्स बैंक एवं बैंक के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

**भुगतान नहीं होने पर कभी भी निजी अस्पताल इलाज बंद कर देंगे**

# बैज बोले- सरकार की लापरवाही से आयुष्मान योजना बंद होने वाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, आयुष्मान योजना के तहत निजी अस्पतालों का भाजपा सरकार ने भुगतान रोक कर रखा है, जिसके कारण निजी अस्पताल वाले आयुष्मान योजना के तहत गरीबों का इलाज बंद करने की चेतावनी अनेकों बार दे चुके हैं। पिछले 17 माह से आश्वासन के बाद भी चिकित्सकों का भुगतान नहीं हुआ है। बकाया भुगतान करने की अस्पतालों ने अंतिम चेतावनी भी सरकार को दी है। उसके बाद भी सरकार अस्पतालों का भुगतान नहीं कर रही है। यदि निजी अस्पतालों ने गरीबों का इलाज बंद कर दिया तो गरीब वर्ग के लोग मुश्किल में पड़ जाएंगे। अनेक ऐसी बीमारियां है जिनका इलाज निजी अस्पतालों में ही होता है। साथ ही सरकारी अस्पतालों में सभी मरीजों का इलाज हो भी नहीं सकता। अतः सरकार इस मामले में त्वरित निर्णय ले। श्री बैज ने कहा, पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य का इंफ्रास्ट्रक्चर 2018 की तुलना में ढाई गुना बेहतर विकसित किया था। सभी जिला अस्पतालों को मल्टी स्पेशलिटी हास्पिटल के तौर पर विकसित किया था। ब्लॉक के अस्पतालों में भर्ती की सुविधाएं विकसित की थी। अधिकांश जिला अस्पताल में डायलिसिस और क्रिटिकल केयर यूनिट शुरू किए गए थे। 25 लाख तक की मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना छत्तीसगढ़ में संचालित थी। श्री बैज ने कहा, राजधानी के मेकाहारा से लेकर उपस्वास्थ्य केंद्र तक स्वास्थ्य सुविधाएं भगवान भरोसे हैं।



# सांसद पांडेय बोले- राष्ट्रहित में कांग्रेस की गंभीरता शून्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा के मुख्य प्रवक्ता एवं सांसद संतोष पांडेय ने कहा, राष्ट्र निर्माण में संसद के भीतर हुई चर्चा हमेशा महत्वपूर्ण होती है, लेकिन कांग्रेस हमेशा अपनी स्वार्थ सिद्धी के लिए ही सदन में चर्चा में शामिल नहीं होती। राष्ट्रहित में कांग्रेस की गंभीरता शून्य है।

यह लोकतंत्र के लिए सही नहीं है। हम जब प्रतिपक्ष में थे, सार्थक चर्चाओं से सदन की गरिमा को और मजबूत बनाकर राष्ट्र हित में अपनी महती भूमिका निभाते रहे। कांग्रेस सदन में गंभीर चर्चाओं में हिस्सा लेने के बजाय अपने कथित प्रयासों से देश को भ्रमित करने का काम करती है, जिसे देश की जनता भलिभांति समझती है। श्री पांडेय ने कहा, संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होकर 21 अगस्त तक चला। इस दौरान कुल 21 बैठकें हुईं। सत्र में 14 विधेयक लोकसभा में पेश किए गए, एक विधेयक वापस लिया गया और 12 विधेयक लोकसभा पारित हुए। इस दौरान विपक्ष ने सदन चलने नहीं दिया। बार-बार के व्यवधानों के चलते सदन का सत्र प्रभावित रहा। जिसमें 130 घंटे के कुल समय में से केवल 37 घंटे ही कार्यवाही हो पाई। श्री पांडेय ने कहा, लोकसभा में मानसूत्र के दौरान कई अहम विधेयक पारित किए गए, जिनमें आयकर (संशोधन) विधेयक 2025, राष्ट्रीय खेल संचालन विधेयक 2025, ऑनलाइन गेमिंग (प्रोत्साहन और विनियमन) विधेयक 2025, सहित कुल 12 विधेयक को संयुक्त समिति को सौंपा गया। उन्होंने कहा, यह सभी विधेयक राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण साबित होंगे।



- पारित सभी विधेयक राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण होंगे

# छात्र-छात्राओं को बांटी गई साइकिल, 90 प्रतिशत से ऊपर अंक लाने वालों को मिला 10 हजार का चेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय परिषद स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला एवं डंगनिया स्थित हायर सेकेंडरी विद्यालय में शुक्रवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए विधायक राजेश मूणत ने छात्र-छात्राओं को सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत साइकिल वितरण किया, साथ ही मेधावी विद्यार्थियों को 10-10 हजार रुपए का चेक देकर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों से कहा कि वे नियमित स्कूल जाएं और कठिन परिश्रम कर प्रवीण्य सूची में अपना स्थान बनाएं।

## विधायक राजेश मूणत शासकीय स्कूलों में आयोजित कार्यक्रम में हुए शामिल

### अतिरिक्त मेहनत से सरकारी स्कूल की साख-गुणवत्ता होगी बेहतर

राजेश मूणत ने कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों से भी कहा कि वे विषयों की जटिलताओं को दूर कर छात्रों को बेहतर मार्गदर्शन प्रदान करें ताकि शासकीय विद्यालयों के छात्र भी शैक्षणिक उत्कृष्टता की नई ऊंचाइयों को छू सकें। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की अतिरिक्त मेहनत से ही सरकारी स्कूलों की साख और गुणवत्ता को बेहतर किया जा सकता है। उन्होंने शाला विकास समिति के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि केवल पद पर बने रहना ही कोई उपलब्धि नहीं है, बल्कि विद्यालय में साफ-सफाई, स्वच्छता, विद्यार्थियों की समस्याओं के निराकरण एवं शिक्षकों के साथ समन्वय स्थापित कर शालाओं का सर्वांगीण विकास भी उनकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।





### प्रत्येक शासकीय स्कूल में एक-एक वाटर कूलर स्थापित की घोषणा

राजेश मूणत ने इस कार्यक्रम के दौरान घोषणा की कि वे अपने विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक शासकीय स्कूल में एक-एक वाटर कूलर स्थापित करवाएंगे, ताकि विद्यार्थियों को स्वच्छ और ठंडा पेयजल सहज रूप से उपलब्ध हो सके। इसके साथ ही उन्होंने यह भी घोषणा की कि आगामी दिनों में रायपुर पश्चिम विधानसभा के अंतर्गत आने वाले सभी शासकीय विद्यालयों में खेल मड़ई का आयोजन किया जाएगा, जिसमें छात्र-छात्राओं को विभिन्न खेलों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया जाएगा ताकि उनके सर्वांगीण विकास को बढ़ावा मिल सके।

## खबर संक्षेप

### नौकरी का झांसा देकर यूपी के 90 युवकों से ठगी

**रायपुर।** मौदहापारा थाना में उत्तरप्रदेश से आए 90 बेरोजगार युवकों ने एक फर्जी कंपनी के खिलाफ महीना 30 हजार रुपए मिलने का झांसा देकर साढ़े चार लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बेरोजगार युवकों को फर्जी कंपनी के कथित एचआर ने एक होटल में बुलाकर उनसे पांच-पांच हजार रुपए रजिस्ट्रेशन फीस के नाम पर लेकर ठगी की है। उत्तरप्रदेश के अलग-अलग जिलों से आए लड़कों ने फ्लैश इलेक्ट्रॉनिक प्राइवेट लिमिटेड नाम की कथित कंपनी के एचआर शुभम के खिलाफ ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई है। युवकों ने पुलिस को बताया है कि शुभम ने उन्हें ट्रेनिंग के बाद अपाइंटमेंट लेटर देने का झांसा देकर रजिस्ट्रेशन शुल्क के नाम पर पैसा लिया और मौके से फरार हो गया। इस धोखाधड़ी में कानपुर के उत्तम आईटीआई प्रबंधन की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। यहीं के प्लेसमेंट कैंप में कथित कंपनी ने छात्रों का चयन किया था। आईटीआई के इंस्ट्रक्टर अमित तिवारी छात्रों के साथ रायपुर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि कंपनी के एचआर ने पहले ही ट्रेनिंग और रहने की व्यवस्था दिखाने से इनकार कर दिया था। बिना पृष्ठभूमि जांच किए लगभग 90 छात्रों को भेजना संस्थान की बड़ी लापरवाही मानी जा रही है।

### डीआरआई ने जब्त किया 40 किलो गांजा

**रायपुर।** डीआरआई रायपुर के अधिकारियों ने सक्ती जिले में मुखबिर की सूचना पर एक कार से आठ लाख रुपए कीमत का 39.883 किलो गांजा जब्त किया है। डीआरआई द्वारा जारी बयान के मुताबिक, मुखबिर के बताए कार नंबर के आधार पर संदिग्ध कार की निगरानी की गई। कार को ट्रेस कर रोका गया तो टेप से लिपटे गांजा के 43 पैकेट मिले। गांजा पैकेट को कार के चारों दरवाजों, फर्श पर तथा कार की पिछली सीट के बैकरेस्ट के नीचे विशेष रूप से बनाए गए तहखानों में छिपाकर ले जा रहे थे। गांजा तस्करी करने के आरोप में एक नाबालिग सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। तस्कर कार के डैशबोर्ड और बोनट के बीच विशेष रूप से बनाए गए बॉक्स में साढ़े 11 किलोग्राम गांजा छिपाकर रखे थे।

### रिमांड खत्म होने के बाद आज चैतन्य की कोर्ट में पेशी

**रायपुर।** शराब घोटाले के आरोप में जेल से पुनः पांच दिन के लिए पुलिस रिमांड पर लिए गए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की शनिवार को रिमांड समाप्त हो रही है। रिमांड समाप्त होने के बाद ईडी के अफसर चैतन्य को आज पुनः ईडी की विशेष कोर्ट में पेश करेंगे। सूत्रों के मुताबिक, चैतन्य से पूछताछ के आधार पर ईडी के अफसर 17 होटल कारोबारी से लेकर कई अन्य कारोबारियों को पूछताछ करने नोटिस जारी करने की तैयारी में हैं।

### नियमों का उल्लंघन, डीजे संचालक पर कार्रवाई

**रायपुर।** पुलिस ने न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन कर डीजे बजाने वाले संचालक के खिलाफ कार्रवाई की है। थाना आजाद चौक क्षेत्र के रामकुंड रावणपट्टी में जन्माष्टमी उत्सव के दौरान तेज आवाज में डीजे बजाते पाए जाने पर डीजे संचालक करण साहू के खिलाफ कोलाहल अधिनियम की धाराओं में अपराध दर्ज किया गया। पुलिस ने मौके से चार बेस बॉक्स और दो टॉप बॉक्स जब्त किए हैं। न्यायालय ने आरोपी को 1000 रुपए अर्थदंड से दंडित करते हुए जब्त सामग्री राजसात करने का आदेश दिया।

## साढ़े तीन साल में 266 लोगों की हत्या हो चुकी

# राजधानी में छह माह के भीतर 46 हत्याएं, ज्यादातर नशे की हालत में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी सहित प्रदेश में क्राइम का ग्राफ कम होने का नाम नहीं ले रहा। राजधानी में साढ़े तीन साल के भीतर 266 हत्या हुई है। हत्या की ज्यादातर घटनाएं नशे की हालत में की गई हैं। वारदात रोकने पुलिस गांजा सहित अन्य तरह के प्रतिबंधात्मक मादक पदार्थों की बिक्री पर अंकुश लगाने कार्रवाई भी कर रही है। बावजूद इसके प्रतिबंधात्मक नशे की बिक्री कम होने का नाम नहीं ले रही। राजधानी पुलिस के पास गांजा, टेबलेट, सीरप के बाद नई चुनौती ड्रग रोकना है। नशे के सौदागर अब पाकिस्तान से ड्रग मंगाकर खपा रहे हैं।

धमतरी में राजधानी के तीन युवकों की नशेड़ियों द्वारा निर्ममता पूर्वक हत्या करने के बाद एक बार फिर से प्रतिबंधित मादक पदार्थ बेचने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग तेज हो गई है। पिछले महीने जो हत्या की घटनाएं हुई हैं, उन सभी की वजह नशे की हालत में मामूली विवाद के कारण हत्या की गई। कई चाकूबाजी की घटना में पुलिस मामूली धारा लगाकर अपनी जिम्मेदारी से मुक्त हो जाती है। इस वजह से भी बदमाशों के मन में पुलिस के प्रति खौफ कम होता जा रहा है। हाल के दिनों में जो हत्या की घटनाएं हुई हैं। उनमें आधे से ज्यादा लोगों का किसी भी तरह का कोई क्राइम रिकार्ड नहीं रहा है। नशे की हालत में उन लोगों द्वारा हत्या की गई।

**चाकू मारकर युवक की हत्या, संदिग्धों को हिरासत में लेकर पुलिस कर रही पूछताछ**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

डीडीनगर थाना क्षेत्र के चंगोराभाठा में युवक को घसीटकर बाहर निकालने तथा उसके साथ मारपीट कर हत्या करने का मामला सामने आया है। घटना चार दिन पूर्व 13 अगस्त की है। युवक की मौत अस्पताल में उपचार के दौरान हुई है। युवक की हत्या ▶▶ शेष पेज 18 पर

**लोग देखते रहे, बचाने कोई नहीं आया**

घटना का जो सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, उसमें लड़कों का एक समूह एक मालवाहक गाड़ी के पीछे सोमनाथ की लात-घूंसों से पिटाई करते दिख रहे हैं। घटना के समय कुछ लोग आते-जाते दिख रहे हैं। उन आने-जाने वाले लोगों में कुछ तमाशबीन बन कर मारपीट की घटना को देख रहे हैं, लेकिन किसी ने बीच-बचाव करने की कोशिश नहीं की।

**तीन दिन में हत्या के दो मामले, पांच गिरफ्तार**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मामूली विवाद को लेकर हत्या के मामले आए दिन बढ़ते ही जा रहे हैं। ऐसे ही मामली विवाद में उरला तथा विधानसभा थाना क्षेत्र में तीन दिन के भीतर एक महिला तथा मजदूर की हत्या करने की घटना सामने आई है। पुलिस ने दोनों मामलों में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उरला में पार्क की गई स्कूटी पर बैठने के विवाद के चलते बदमाशों ने एक मजदूर की बेदम पिटाई कर उसे घायल कर दिया था, जिसकी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। एक अन्य घटना में युवक को पत्नी के साथ विवाद करने से रोकने पर ▶▶ शेष पेज 15 पर

### शराब के साथ गोली गांजा भारी पड़ रहा

नशेड़ी नशे का शौक पूरा करने शराब के साथ गांजा तथा प्रतिबंधित टेबलेट का सेवन कर रहे हैं। शराब, गांजा तथा गोली का सेवन करने के बाद नशेड़ी अपनी सुध खो बैठते हैं, उन्हें नहीं पता रहता कि वे क्या कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में नशेड़ी किसी के साथ उलझ कर हत्या कर रहे हैं। इसके साथ ही नशे का सामान खरीदने बदमाश लोगों के साथ लूटपाट करने की नीयत से हत्या कर रहे हैं।

**केस -01**

### साथी की गैंती मारकर हत्या

खमतराई थाना क्षेत्र में 17 जुलाई को चोरी के मोबाइल विवाद पर तरुण मिश्रा ने शराब पीने के दौरान अपने साथी धनेश साहू के सिर पर गैंती से हमला कर मौत के घाट उतार दिया था। धनेश ने भाठागांव शराब दुकान में किसी का मोबाइल चोरी कर तरुण को दिया था, जिसे तरुण ने गुमा दिया था। शराब पीने के दौरान धनेश ने तरुण से अपना मोबाइल वापस मांगा, तो उसने धनेश के सिर पर गैंती से हमला कर मौत के घाट उतार दिया।

**केस -02**

### नशे की हालत में पंपकर्मी की हत्या

मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में पिछले महीने 17 जुलाई को समीर टंडन तथा कुणाल तिवारी नशे की हालत में सेमरिया स्थित एक पेट्रोल पंप में अपनी बाइक में पेट्रोल डलवाया। पंप कर्मी द्वारा पैसा मांगे जाने पर दोनों उसके साथ विवाद कर मारपीट करने लगे। बीच-बचाव करने पंप मैनेजर योगेश मिरी की बदमाशों ने चाकू से हमला कर मौत के घाट उतार दिया।

**केस -03**

### डिलीवरी ब्वॉय की हत्या

पिछले दिनों डीडीनगर थाना क्षेत्र में एक हिस्ट्रीशीटर पप्पू यादव ने नशे की हालत में पिज्जा डिलीवरी ब्वॉय हेमंत की चाकू मारकर हत्या कर दी थी। जुआ में रकम हारने के बाद पप्पू लूट करने की नीयत से निकला था। इस दौरान उसकी बाइक पिज्जा डिलीवरी ब्वॉय की बाइक से टकरा गई। पप्पू ने डिलीवरी ब्वॉय से गाड़ी ठीक कराने पैसों की मांग की। पैसा देने से इनकार करने पर बदमाश ने हेमंत की चाकू मारकर हत्या कर दी थी।

## मानसून द्रोणिका उत्तर की ओर, इसलिए सरगुजा में बारिश

# ओडिशा के ऊपर बना सिस्टम तो मध्य हिस्से में दो दिन बाद अच्छी बारिश के आसार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

ओडिशा के ऊपर दो दिन बाद सिस्टम बना तो रायपुर समेत मध्य हिस्से में सोमवार से अच्छी बारिश होने के आसार हैं। अभी मानसून द्रोणिका उत्तर की ओर झुकी हुई है इसलिए सरगुजा संभाग में वर्षा की गतिविधि बनी हुई है। शुक्रवार को शहर में रुक-रुककर हल्की बारिश होती रही।

अगस्त का तीन सप्ताह अल्प वर्षा के साथ बीता है अब अंतिम सप्ताह में अच्छी बारिश होने की संभावना बन रही है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक एक नया निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी-उड़ीसा तट से पश्चिम बंगाल तट पर 25 अगस्त को बनने की संभावना है। सिस्टम अगर विकसित होता तो है उसके असर से मध्य हिस्से में अच्छी बारिश होगी। बीते 22 दिनों में यहां एक से दो बार ही अच्छी वर्षा हुई है। शुक्रवार को यहां बूंदाबांदी से हल्की वर्षा होती रही मगर इसका कोई खास प्रभाव नहीं हुआ। वर्तमान में मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर सूरतगढ़, रोहतक, फतेहगढ़, गया, दीघा और उसके बाद पूर्व दक्षिण पूर्व की ओर उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। इसकी वजह से प्रदेश उत्तरी हिस्से में बारिश हो रही है और अगले चौबीस घंटे में भी वहां भारी वर्षा की संभावना बनी हुई है। पिछले चौबीस घंटे में तमनार में 9 सेमी., छाल 7, घरघोड़ा, पुसौर, नया बारद्वारा 6-6, सारागांव, सक्ती, रायगढ़, खरसिया में 5-5 सेमी. बारिश हुई।

# गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण के साथ रोजगार और स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ने के प्रयास करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- कलेक्टर गौरव सिंह ने किया आईटीआई रायपुर का अवलोकन



कलेक्टर गौरव सिंह ने शुक्रवार को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) रायपुर का निरीक्षण कर विभिन्न व्यवसायों में संचालित प्रशिक्षण गतिविधियों का बारीकी से अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि तकनीकी प्रशिक्षण आत्मनिर्भरता की नींव है।

कलेक्टर ने इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स सहित वेल्डिंग जैसे तकनीकी ट्रेड्स में चल रहे प्रशिक्षण कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों से बातचीत कर उनकी सीखने की प्रक्रिया, अनुभव व भविष्य की योजनाओं के बारे में चर्चा की। इस दौरान डॉ. सिंह ने वेल्डिंग कार्य कर रहे एक छात्र का स्वयं अवलोकन किया और उसकी कार्यकुशलता की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का व्यावहारिक प्रशिक्षण युवाओं को न केवल दक्ष बनाता है, बल्कि स्वरोजगार व आत्मनिर्भरता की ओर भी प्रेरित करता है। उन्होंने संस्थान के प्राचार्य मेजर नरेंद्र उपाध्याय को कहा कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण के साथ रोजगार के साथ-साथ स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ने के प्रयास किए जाएं। कलेक्टर ने आईटीआई में सीआरपीएफ द्वारा संचालित डीजल जनरेटर प्रशिक्षण कार्यक्रम की भी सराहना की और इसे युवाओं के कौशल विकास की दिशा में एक उत्कृष्ट पहल बताया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत कुमार बिश्वरंजन, जिला रोजगार अधिकारी केदार पटेल, संस्था के प्राचार्य मेजर नरेंद्र उपाध्याय, प्रशिक्षकगण व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# तालाब सौंदर्यीकरण में अड़चन नहीं, फिर भी गरीबों के मकान ढहाने और बेघर करने की मुहिम हुई तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बिरगांव निगम में इन दिनों विकास के नाम पर तोड़फोड़ की मुहिम चलाई जा रही है। इसका शिकार सौ से ज्यादा परिवार होने वाले हैं, जो विगत 20 से ज्यादा सालों से काबिज हैं। बंजारी नगर स्थित खदान डबरी तालाब सौंदर्यीकरण का काम जितने क्षेत्र में तय है, वह एरिया पूरी तरह से खाली है। इसके बाद भी रोजी-मजदूरी करने वाले परिवारों को उजाड़ने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इस मामले को लेकर महापौर ने कहा कि सौंदर्यीकरण की जद से बाहर बसे किसी भी परिवार को बेघर करना गलत है।

रावांभाठा ट्रांसपोर्ट नगर बसने से भी पहले बंजारी वार्ड क्रमांक 10 में जिन परिवारों ने मकान बनाकर वहां रहना शुरू किया। अब बाद में जिन लोगों ने तालाब के अंदरूनी हिस्से में मकान बना लिया है। उनके घरों का पानी निकासी के लिए निगम ने तालाब के आंतरिक हिस्से से नाला भी बन रहा है। निगम सूत्रों ने बताया कि निर्माणाधीन नाला सौंदर्यीकरण का अंतिम हिस्सा है। विगत 2017 से ही आरटीओ आफिस के पीछे हिस्से में भोजपुरी भवन से लेकर सोम कोल्ड जाने वाले रूट पर तालाब पार में बसे लोगों को जगह खाली करने के लिए अलर्ट किया जा रहा है। नोटिस थमाने का सिलसिला शुरू होने से आवास का संकट सामने देखते हुए लोग आशंकित हैं। निगम के जिम्मेदार एक लाइन में अटल आवास में जाने का हवाला दे रहे हैं।



**बिरगांव निगम की टीम द्वारा सौंदर्यीकरण की जद से बाहर बसे परिवारों को**

### स्कूली बच्चों की पढ़ाई पर पड़ेगा असर

उरला में फिल्टर प्लांट के पास बनाए गए अटल आवास में जाने से प्रभावित होने वाले परिवारों के बच्चों की पढ़ाई अटकने वाली है। इतना ही आसपास के संस्थानों में साइकिल और पैदल नौकरी करने आने-जाने वाले लोगों के सामने रोजी-रोटी भी चुनौती बनने वाली है। निगम सूत्रों ने बताया कि भोजपुरी भवन से लेकर सोम कोल्ड वाली लाइन में जितने भी परिवार प्रभावित होंगे, उन्हें पहले ही उरला में मकान अलॉट किया जा चुका है। इतना ही नही वहां बसे परिवारों ने दूसरे जगह घर भी बना लिया है। तोड़फोड़ के दायरे में करीब 130 मकानों का शामिल किया गया है। इनमें ज्यादातर घर आंतरिक हिस्से में हैं।

### *ट्रांसपोर्ट नगर के बीच मरीन ड्राइव प्रोजेक्ट*

*निगम ने रावांभाठा में ट्रांसपोर्ट नगर के पास मरीन ड्राइव की तर्ज पर सौंदर्यीकरण का प्रोजेक्ट बनाया है। एक तरफ तालाब के मुहाने तक ट्रांसपोर्ट नगर की दुकानें बनी है। दूसरी तरफ भोजपुरी भवन से सटी बस्ती है। इसे हटाने के बाद भी ट्रांसपोर्ट नगर में लोग कम ही आना-जाना चाहते हैं। इसे चमकाने के लिए गरीबों का घर तोड़ने के लिए नोटिस भी थमाया जा रहा है।क्षेत्र के लोगों ने बताया कि हम निगम की इस कार्यवाही का विरोध इसलिए भी कर रहे हैं, क्योंकि अटल आवास में रह पाना संभव नहीं है।*

### *मैं एक भी घर तोड़ने के पक्ष में नहीं*

*सौंदर्यीकरण के साथ तालाब पूरी तरह सुरक्षित रहे, इसके लिए तय जगह में काम चल रहा है। कांग्रेस ने बचाने का प्रयास किया, अब फिर से शासन के इशारे पर मुहिम शुरू की गई है। मैं किसी भी गरीब का घर तोड़ने के पक्ष में बिलकुल भी नहीं हूं।*

*- नंदलाल देवांगन, महापौर, नगर निगम, बिरगांव*

## ट्रैप कैमरा में दिखे बाघ की उम्र तीन वर्ष से ज्यादा होने का अनुमान

**उदंती-सीतानदी में एक बाघ के ट्रैप होने के बाद दूसरे बाघ की आमद की मिली जानकारी**

# राज्य में बाघों की संख्या हुई दोगुनी 17 से बढ़कर अब 37 होने का दावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

**खास खबर**

राज्य के अभयारण्य तथा टाइगर रिजर्व में एक बार फिर से बाघों का मूवमेंट तेज हो गया है। वर्ष 2022 की गणना में बाघों की संख्या 17 होने का दावा किया गया था। वर्तमान में राज्य के अलग-अलग टाइगर रिजर्व तथा अभयारण्य में 37 बाघ होने का दावा किया जा रहा है। उदंती-सीतानदी में वर्तमान में दो बाघ होने की पुष्टि हुई है। एक बाघ 15 अगस्त को ट्रैप कैमरा में कैद हुआ है। दूसरे बाघ का अप्रैल में पग मार्क मिला है। दूसरे बाघ को ट्रैप करने यूएसटीआर के डिप्टी डारेक्टर वरुण जैन ने कोशिश करने की बात कही।



राज्य में सबसे ज्यादा बाघ अचानकमार टाइगर रिजर्व में 10 वयस्क तथा आठ शावक बाघ होने का दावा किया जा रहा है। एटीआर के डिप्टी डायरेक्टर यूआर गणेश के अनुसार अप्रैल की सेंसेस में 10 नर तथा आठ शावक बाघ दिखे हैं। जिन क्षेत्रों में बाघों की मौजूदगी है, उन क्षेत्रों में वनकर्मियों की पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है। साथ ही शिकारियों की धरपकड़ तेज करने निर्देश दिए गए हैं।

### तीन मवेशियों का शिकार

वनक्षेत्र में पर्याप्त संख्या में शाकाहारी वन्यजीव हैं, इस वजह से बाघ रिहायशी क्षेत्र में आने के बजाय रिजर्व एरिया में विचरण कर रहा है। इस वजह से पालतू मवेशी बाघ के शिकार नहीं हो रहे। अप्रैल से अब तक बाघ द्वारा तीन मवेशियों का शिकार करने की जानकारी सामने आई है। अफसर दोनों बाघों की सुरक्षा के लिए लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। इसके साथ ही ग्रामीणों को सतर्क किया गया है।

### *यह है बाघों की स्टेटस रिपोर्ट*

*वन विभाग के अफसरों के दावों के मुताबिक अचानकमार में सबसे ज्यादा बाघ हैं, इसके बाद दूसरे नंबर पर इंद्रावती, तीसरे स्थान पर गुरु घासीदास, चौथे और पांचवे स्थान पर यूएसटीआर तथा भोरमदेव टाइगर रिजर्व शामिल हैं।*

### *विभाग के दावों के अनुसार इन टायगर रिजर्व तथा अभयारण्य में इतने बाघ हैं*

- *अचानकमार टायगर रिजर्व - 10+8*
- *इंद्रावती - 08*
- *गुरु घासीदास - 06*
- *भोरमदेव - 03*
- *उदंती-सीतानदी - 02*

## खम्हारडीह थाना क्षेत्र हाउसिंग बोर्ड कालोनी की घटना

# गणेश पंडाल विवाद पर दो पक्षों में जमकर मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खम्हारडीह थाना क्षेत्र के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में दो समिति गणेश पंडाल विवाद में आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के साथ धक्का-मुक्की करने के साथ मारपीट की। घटना गुरुवार रात साढ़े नौ बजे की है। दोनों पक्षों की शिकायत पर पुलिस ने मारपीट का अपराध दर्ज कर जांच कर रही है।

अंजली भास्कर ने अमरेश चतुर्वेदी, अजय चतुर्वेदी तथा अजीत चतुर्वेदी तथा अन्य के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। अंजली ने पुलिस को बताया है कि घटना दिनांक को वो गणेश स्थापना के लिए कॉलोनी के लोगों के साथ बात कर रही थी। इस दौरान अमरेश तथा उसके अन्य साथी शराब के नशे में पहुंचे और विवाद करने लगे। समिति के लोगों ने अमरेश तथा उसके साथ आए लोगों को समझाने का प्रयास किया, तो उन लोगों ने अंजली तथा बैठक में शामिल लोगों के साथ मारपीट की। दूसरे पक्ष की ओर से प्रभा साहू ने अंजली भास्कर, रीना घोष, ज्योति निषाद तथा अन्य के खिलाफ मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस के अनुसार कॉलोनी में गणेश स्थापना करने दो अलग-अलग समिति है। समिति के बीच गणेश पंडाल लगाने के साथ साउंड बॉक्स लगाने को लेकर विवाद हुआ है।



**खबर संक्षेप**

### छह मंजिला होगी कैंसर विभाग की बिल्डिंग 39.36 करोड़ मंजूर



**रायपुर।** कैंसर के इलाज के लिए आंबेडकर अस्पताल आने वाले मरीजों को बड़ा भवन और ज्यादा सुविधाएं मिलेंगी। कैंसर विभाग की बिल्डिंग को 6 मंजिला बनाने 39.36 करोड़ रुपये स्वीकृत की गई है। बड़ा भवन बनने के बाद एक साथ दो सौ मरीजों का भर्ती कर इलाज किया जा सकेगा। बढ़ती संख्या की वजह से कई बार मरीजों के बेड मिलने का इंतजार करना पड़ता है और उनके इलाज में देरी होती है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बताया कि कैंसर अस्पताल के जी प्लस 6 के विस्तार के साथ राज्य की जनता को अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त होंगी।

### छात्रा का यौन उत्पीड़न डाक्टर की याचिका खारिज

**रायपुर।** यौन उत्पीड़न के मामले में फंसे शासकीय मेडिकल कालेज रायपुर के पूर्व एचओडी डा. आशीष सिन्हा की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। सुप्रीम कोर्ट की डबल बेंच जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस सतीश चंद्र ने डाक्टर की स्पेशल लीव पिटीशन खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट के आदेश में दखल देने का कोई आधार नहीं है। कम्युनिटी मेडिसिन विभाग की छात्रा ने एचओडी पर छेड़छाड़, बैड टच और मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया था। छात्रा ने थाने में भी गई शिकायत शिकायत में यह भी बताया था कि विरोध करने पर उसे इंटरनल एग्जाम में फेल करने की धमकी दी गई। इसे मामले में मौदहापारा थाने में डा. आशीष सिन्हा के खिलाफ अपराध दर्ज है।

# पटवारियों को नोटिस, तीन दिन में मांगा जवाब, नहीं देने पर होगी अनुशासनात्मक कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के पटवारियों की हड़ताल के कारण राजस्व विभाग का ऑनलाइन कामकाज पूरी तरह से ठप है, जिसके कारण आम लोगों के ऑनलाइन कार्य भी अटके हुए हैं। कई लोग तो हर दिन तहसील कार्यालयों के चक्कर भी काट रहे हैं, लेकिन पटवारियों की हड़ताल के कारण उन्हें बैरंग लौटना पड़ रहा है। इधर पटवारियों की हड़ताल के कारण लोगों को हो रही परेशानियों को देखते हुए राजस्व विभाग के निर्देश पर सभी जिलों में प्रशासन की ओर पटवारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिन के भीतर जवाब मांगा गया है तथा जवाब संतोषजनक नहीं होने पर उनके विरुद्ध छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1965 के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

**हजारों की संख्या में अटके काम:** ऑनलाइन कार्य के लिए उचित संसाधन की मांग को लेकर प्रदेशभर के पटवारी 16 अगस्त से ऑनलाइन कार्य करना छोड़ दिए हैं। पटवारियों की हड़ताल के कारण खसरा-बी-वन, नक्शा, बटांकन अप्रूवल, रकबा सुधार, डिजिटल सिग्नेचर, फसल कटाई प्रयोग, डिजिटल सर्वे, गिरदावरी, धान बेचने का पंजीयन जैसे आनलाइन कार्य सात दिनों से ठप हैं, जिससे प्रदेश में राजस्व संबंधित लंबित मामलों का आंकड़ा भी लगातार बढ़ रहा है।

### पटवारियों का कहना- संसाधन के बिना कैसे करें ऑनलाइन काम

पटवारी संघ के पदाधिकारियों का कहना है राजस्व संबंधी कार्य अब ऑनलाइन हो गए हैं। ऐसे में अगर उनके पास संसाधन नहीं होंगे तो कैसे कार्य करेंगे। पदाधिकारियों का कहना है कि आनलाइन कामकाज के लिए उन्हें कंप्यूटर, इंटरनेट सहित अन्य आवश्यक संसाधन और प्रशिक्षण उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। यहां तक कार्यालय की सुविधा भी नहीं है, इसलिए खुद के खर्च पर कार्यालय खोले हुए हैं, जिसका मासिक किराया तक उन्हें देना पड़ता है। इन संसाधनों के नहीं होने के बावजूद ऑनलाइन कार्य करने के लिए उन पर दबाव बनाया जा रहा है।




### शिक्षा-खेती भी प्रभावित

पटवारियों की हड़ताल का असर शिक्षा और खेती पर भी पड़ रहा है। ऑनलाइन कार्य नहीं होने के कारण किसानों को राजस्व अभिलेख, नामांतरण और जमीन से जुड़े प्रमाणपत्र नहीं मिल रहे, वहीं छात्रों को भी जाति, आय प्रमाण पत्र नहीं मिल पा रहे हैं, जिससे उनकी शैक्षणिकता प्रभावित हो रही है।

### पटवारियों को नोटिस जारी

मुख्यालय से मिले निर्देश पर हड़ताल कर रहे अपने तहसील क्षेत्र के पटवारियों को नोटिस जारी कर तीन दिन में जवाब मांगा है। संतोषजनक जवाब नहीं आने पर उनके विरुद्ध अनुशानात्मक कार्रवाई की जाएगी।

**- रवि सिंह,** एसडीएम रायपुर

## स्वास्थ्य मंत्री ने कहा- माह के अंत तक पूरा भुगतान

# छह महीने से अटका आयुष्मान का भुगतान, 31 अगस्त निजी अस्पतालों में इलाज की डेडलाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के तहत निशुल्क उपचार की राशि का निजी अस्पतालों को छह महीने से भुगतान नहीं किए जाने का मामला गरमाने लगा है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने भुगतान के लिए 31 अगस्त डेडलाइन तय की है। ऐसा नहीं नहीं होने पर सितंबर के प्रथम सप्ताह में इलाज बंद करने की रणनीति तैयार की जाएगी। इधर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा है कि सभी अस्पतालों को माह के अंत तक पूरा भुगतान कर दिया जाएगा।

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने पिछले दिनों स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से मिलकर अपनी समस्या बताई थी। इसमें प्रमुख परेशानी निजी अस्पतालों को भुगतान का था। अस्पतालों को मार्च में अक्टूबर-नवंबर 2024 की थोड़ी राशि प्रदान की गई थी। इसके बाद से अब तक राशि नहीं मिलने से अस्पतालों को दिक्कत उठानी पड़ रही है। इसके अलावा अप्रूव्ड केसेस को भी स्टेट नोडल एजेंसी द्वारा रिजेक्ट किए जाने से नुकसान हो रहा है, क्योंकि मरीज अस्पताल से जा चुके हैं। पुराना भुगतान नहीं होने की वजह से छोटे और मध्यम स्तर के अस्पतालों की आर्थिक स्थिति खराब होने लगी है। लंबित राशि नहीं मिलने की स्थिति में मरीजों को योजना के तहत उपचार की सुविधा दे पाना संभव नहीं है। आईएमए ने अस्पतालों की परेशाानियों का हवाला देते हुए 31 अगस्त तक भुगतान किए जाने की मांग की है। ऐसा नहीं होने पर अस्पताल योजना के तहत मरीजों का इलाज नहीं कर पाएंगे। इस मामले में सितंबर के प्रथम सप्ताह में समीक्षा बैठक किए जाने का हवाला दिया गया है।



एजेंसी तय नहीं, डाक्टरों की जगह कंप्यूटर ऑपरेटर कर रहे आयुष्मान का क्लेम ऑडिट

पांच महीने पहले काम बंद कर चुकी पुरानी कंपनी, नई एजेंसी तय ही नहीं हुई

### इलाज ढाई सौ करोड़ का, बजट 100 करोड़

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने अपने सुझाव में बताया है कि राज्य में वर्तमान में प्रतिमाह योजना के तहत एपीएल, बीपीएल के मरीजों के हिसाब से 250 करोड़ का इलाज किया जा रहा है, जबकि इसका बजट प्रतिमाह 100 करोड़ है। इसके अलावा यहां टीपीए के टेंडर में लगातार देर होने से भुगतान व्यवस्था प्रभावित हुई है।

### समस्या का निराकरण शीघ्र

मरीजों की निशुल्क स्वास्थ्य योजना में किसी तरह की अड़चन नहीं आने दी जाएगी। अस्पतालों के लंबित भुगतान सहित समस्याओं का निराकरण शीघ्र किया जाएगा।

**- श्याम बिहारी जायसवाल,** स्वास्थ्य मंत्री

### समस्याओं से अवगत कराया

आयुष्मान योजना के तहत निजी अस्पतालों के लंबित भुगतान सहित अन्य समस्याओं से स्वास्थ्य मंत्री को अवगत कराया गया है। लंबित राशि का भुगतान 31 अगस्त तक करने की मांग की गई है।

**- डॉ. प्रभात पांडेय,** प्रदेश अध्यक्ष

### राज्य स्तर पर होगा फैसला

आयुष्मान योजना से संबंधित समस्याओं की जानकारी स्वास्थ्य मंत्री को दी गई है। उनसे मिले आश्वासन से समाधान की उम्मीद है। ऐसा नहीं होने पर आईएमए और हास्पिटल बोर्ड की प्रदेश स्तरीय बैठक में आगे की रणनीति तय होगी।

**- डॉ. कुलदीप सोलंकी,** अध्यक्ष, आईएमए रायपुर

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने 144 दिनों में किया सबसे तेज 100 मिलियन टन माल लदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने माल लदान के क्षेत्र में एक और उपलब्धि हासिल की है। 22 अगस्त 2025 को मात्र 144 दिनों में 100 मिलियन टन माल लदान कर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने अब तक की सबसे तेज़ सेंचुरी बनाई है। वर्ष 2021-22 में यह आंकड़ा 188 दिनों में, वर्ष 2022-23 में 175 दिनों में, वर्ष 2023-24 में 164 दिनों में तथा गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 151 दिनों में पूरा हुआ था। वहीं इस वर्ष केवल 144 दिनों में यह उपलब्धि अर्जित की गई है। यह उपलब्धि देश की ऊर्जा जरूरतों, कोयला आधारित पावर प्लांट्स, इस्पात उद्योगों तथा विभिन्न कारखानों को सतत और निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करते हुए हासिल की गई है। इस अवधि में पिछले वर्ष की तुलना में 4.57 मिलियन टन (4.79 प्रतिशत) की वृद्धि दर्ज की गई है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान आज दिनांक 22 अगस्त 2025 तक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, भारतीय रेलवे में दूसरे सबसे अधिक प्रारंभिक माल लदान के साथ कुल माल लदान में 15.83 प्रतिशत का योगदान दे रहा है। पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में कोयले के लदान में 5.98प्रतिशत, इस्पात संयंत्रों के लिए कच्चे माल में 12.10 प्रतिशत, पिग आयरन और तैयार स्टील में 7.56%, सीमेंट में 1.13प्रतिशत, खाद्यान्न में 4.78 प्रतिशत तथा खनिज तेल में 23.17 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जबकि (बॉटल्ड ऑक्सीजन गैस) के लदान में 17.58 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

### बिलासपुर को सभी डिवीजनों में प्रथम स्थान

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत रेल मंडलों के प्रदर्शन में, बिलासपुर मंडल ने 4.58 प्रतिशत, नागपुर मंडल ने 19.23% और रायपुर मंडल ने 0.24 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। विशेष रूप से बिलासपुर मंडल ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान 74.25 मिलियन टन प्रारंभिक माल लदान कर भारतीय रेलवे के सभी डिवीजनों में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। माल लदान की इस उपलब्धि के साथ ही, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने गत 28 जुलाई 2025 को मात्र 119 दिनों में 10,000 करोड़ का प्रारंभिक माल भाड़ा राजस्व अर्जित किया था, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 7 दिन पहले हासिल हुआ।

**बिजनेस साइट**

# आंजनेय यूनिवर्सिटी में 'सृजन- 4.0', 100 स्कूलों के विद्यार्थियों ने लिया भाग

**रायपुर।** आंजनेय यूनिवर्सिटी में आयोजित सृजन 4.0 ने इस वर्ष रचनात्मकता, नवाचार और सहभागिता का नया अध्याय रचा। 100 से अधिक स्कूलों से आए 4000 से ज्यादा प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर आयोजन को अद्वितीय बना दिया। कार्यक्रम के उद्घाटन पर चांसलर अभिषेक अग्रवाल ने कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों में नेतृत्व और जीवन कौशल विकसित करते हैं। इस कार्यक्रम में छात्रों ने मॉडल मेकिंग में स्मार्ट टीवी और न्यूरो मूव जैसे मॉडलों ने नवाचार की झलक दी, वहीं खेलों में कबड्डी और क्रिकेट का रोमांच अंतिम क्षण तक बना रहा। सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में भी छात्र पीछे नहीं रहे, सिंगिंग और डांसिंग में 350 से अधिक प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। संयोजक डॉ. जयेंद्र नारंग ने बताया कि सृजन 4.0 केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का मंच है। आयोजन में उत्साह, प्रतिस्पर्धा और सहयोग की अद्भुत मिसाल देखने को मिली।



## सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का प्रॉपर्टी एक्सपो आज

**रायपुर।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर द्वारा एक विशेष प्रॉपर्टी एक्सपो का आयोजन आज होटल मयूरा, जीई रोड, रायपुर में किया जा रहा है। इस एक्सपो में रायपुर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली विभिन्न शाखाओं की कुल 55 प्रॉपर्टीज को बिक्री के लिए प्रस्तुत किया जाएगा।

यह आयोजन उन लोगों के लिए एक बेहतरीन अवसर है, जो किफायती दरों पर रीयल एस्टेट संपत्तियों में निवेश करने की सोच रहे हैं। इस एक्सपो की निगरानी के लिए केंद्रीय कार्यालय, मुंबई से उप महाप्रबंधक बिरेंद्र मेहता विशेष रूप से रायपुर पहुंचेंगे। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय प्रमुख राजकिशोर केरकेट्टा और अंचल प्रमुख बीआर रामाकृष्णा नायक के मार्गदर्शन में किया जाएगा।

## तीज महोत्सव पर कैंसर जागरूकता और सांस्कृतिक कार्यक्रम



**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल एवं संजीवनी कैंसर केयर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में चौबे कॉलोनी स्थित महिला केंद्र में तीज महोत्सव के अवसर पर कैंसर जागरूकता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर 100 से अधिक महिलाओं ने भाग लेकर कैंसर से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। कार्यक्रम में डॉ. यूसुफ मेमन व डॉ. मौ रॉय ने स्तन एवं गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की रोकथाम, स्व-परीक्षण और वैक्सीनेशन पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समय पर जांच, स्वस्थ जीवनशैली और जागरूकता से इन बीमारियों से बचाव संभव है। सांस्कृतिक भाग में सावन गीतों पर नृत्य, लोकनृत्य और 16 श्रृंगार प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य और परंपरा का सुंदर समन्वय देखने को मिला, जिससे प्रतिभागियों में जागरूकता और उमंग दोनों का संचार हुआ।

## मैट्स विश्वविद्यालय में 'दीक्षारंभ 2025' ओरिएंटेशन डे संपन्न

**रायपुर।** मैट्स विश्वविद्यालय, आरंग परिसर में 'दीक्षारंभ 2025' ओरिएंटेशन डे का आयोजन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत कर उन्हें विश्वविद्यालय की शैक्षणिक परंपराओं और मूल्यों से परिचित कराना था। मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति अनिल कुमार शुक्ला ने विधि, न्याय और संवैधानिक मूल्यों पर व्याख्यान देते हुए विद्यार्थियों को जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी। कुलपति प्रो. (डॉ.) केपी यादव ने अनुशासन, नवाचार और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को आत्मसात करने का आव्हान किया। इस अवसर पर कुलाधिपति गजराज पगारिया, महानिदेशक प्रियेश पगारिया और कुलसचिव गोकुलानंद पांडा ने भी विद्यार्थियों की सराहना की और सत्य, सेवा व शिक्षा के महत्व पर बल दिया।



## विवेकानंद महाविद्यालय में नवागंतुकों के स्वागत में दीक्षारंभ कार्यक्रम

**रायपुर।** विवेकानंद महाविद्यालय में नवागंतुक छात्र-छात्राओं के स्वागत के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। मुख्य द्वार पर विद्यार्थियों का पारंपरिक तिलक और पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। कार्यक्रम दुर्गा देवी सेमीनार कक्ष में संपन्न हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ल उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ. मनोज मिश्रा ने नई शिक्षा नीति की जानकारी दी एवं कुलपति महोदय ने एनईपी एम्बेसेडर्स को विशेष रूप से सम्मानित किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के अंतर्गत भारतीय एवं पाश्चात्य नृत्य आकर्षण का केंद्र रहे। क्विज प्रतियोगिता में शिवम वासवानी एवं तशकीन हाफिस ने मि/मिस फ्रेशर्स और जीनियस के खिताब जीते।




**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

# पैरासिटामोल दवा की खेप में मिली गुणवत्ता की कमी, कंपनी को नोटिस



पैरासिटामोल सहित तीन और दवाएं अमानक, अस्पतालों में खप चुकी खेप, तब मंगाया जा रहा वापस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने महासमुंद स्थित 9 एम इंडिया लिमिटेड द्वारा सप्लाई की गई 2024 की विभिन्न खेप में पैरासिटामोल 500 एमजी और 650 एमजी टेबलेट की गुणवत्ता में प्रथम दृष्टया कमी पाई है। निगम के दवा गोदामों और स्वास्थ्य इकाईयों से मिली शिकायतों के बाद वर्ष 2024 में निर्मित बैच की जांच कराई गई है।

■ दवा की खेप तुरंत वापस लेने और नई खेप पहुंचाने के निर्देश

सीजीएमएससी की जांच रिपोर्ट में पुष्टि हुई कि संबंधित बैच की दवाइयों की गुणवत्ता में कमी है और उन पर काले धब्बे पाए गए हैं, जो आमजनों के उपयोग के लिए उपयुक्त नहीं हैं। इसके बाद निगम ने आदेश जारी करते हुए कंपनी को नागरिकों की स्वास्थ्य सुरक्षा का ध्यान रखते हुए सभी संदिग्ध बैच तत्काल दवा गोदामों और स्वास्थ्य संस्थाओं से वापस लेने तथा उसकी जगह गुणवत्तापूर्ण नई खेप उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि कंपनी ने तय शर्तों के अनुरूप कार्यवाही नहीं की तो निविदा नियमों के अनुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी और इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी कंपनी की होगी।

# तीन लाख से ज्यादा सदस्यों ने नहीं कराया ई-केवाईसी, इनमें 10 हजार के आधार निष्क्रिय, जिनका पता लगा रहा विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में उचित मूल्य के राशन कार्ड के तीन लाख से ज्यादा सदस्यों ने अभी तक ई-केवाईसी नहीं कराया है। इनमें लगभग दस हजार सदस्यों के आधार भी निषक्रिय हैं, जिनका विभाग पता लगाने में जुटा हुआ है। प्रदेश में केवाईसी नहीं कराने वाले सदस्यों का आंकड़ा 20 लाख से ज्यादा है, जिनमें डेढ़ लाख के आधार निष्क्रिय भी हैं। इधर छूटे हुए सदस्यों के लिए अब सितंबर तक केवाईसी कराने का आखिरी मौका है। विभागीय सूत्रों की मानें, तो इसके बाद भी अगर केवाईसी नहीं कराया, तो उन सदस्यों को मृत मानकर ऑनलाइन सूची से उनके नाम हटा दिए जाएंगे, जिसके बाद उन सदस्यों के कोटे का राशन भी कार्ड धारक उठा नहीं पाएंगे। रायपुर जिले में 6 लाख 49 हजार 798 राशन कार्ड बने हुए हैं। इन कार्डों में सदस्यों की संख्या 22 लाख 38 हजार 435 है, जिनमें से अभी तक 84.89 प्रतिशत सदस्यों का ही केवाईसी हुआ है, शेष तीन लाख से अधिक सदस्यों ने अब तक केवाईसी नहीं कराया है।

### घर बैठे ऑनलाइन कर सकते हैं

जिले में अभी तक 16 प्रतिशत कार्ड सदस्यों ने ईकेवाईसी नहीं कराया है। वे घर बैठे भी ऑनलाइन केवाईसी करा सकते हैं। सितंबर तक का समय दिया है। इसके बाद राशन लेने में दिक्कत हो सकती है। मृत सदस्यों के नाम लिस्ट से डीलीट किए जा रहे हैं। निष्क्रिय आधार वाले सदस्यों का पता लगाया जा रहा है।

**- भूपेंद्र मिश्रा,** खाद्य नियंत्रक रायपुर

### केवाईसी से सदस्यों के निष्क्रिय आधार का हुआ था खुलासा

ईकेवाइसी की प्रक्रिया में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति की एक रिपोर्ट में ही इसका खुलासा हुआ है कि प्रदेशभर में जिन सदस्यों ने केवाईसी नहीं कराया है, उनमें डेढ़ लाख के करीब ऐसे सदस्य भी हैं, जिनके आधार ही निष्क्रिय हैं। ऐसे लोगों की या मृत्यु हो चुकी है या फिर उनके आधार अपडेट नहीं हुए हैं। इन निष्क्रिय आधार वाले सदस्यों के बारे में विभाग भौतिक सत्यापन करा रहा है कि वे सदस्य जीवित हैं या नहीं, अगर मौत हो चुकी है, तो उन सदस्यों के नाम हटाए जा रहे हैं, और अगर जीवित है तो केवाइसी क्यों नहीं कराए हैं इसका पता लगाया जा रहा है।






हरिभूमि
रायपुर, शनिवार 23 अगस्त 2025
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

04



नमी से भरे मौसम में पहनें ऐसी...

## लाइव इवेंट

# फिटमेंट कैम्प में कल 382 से अधिक दिव्यांगों को मिलेंगे कृत्रिम हाथ-पैर



**नारायण सेवा संस्थान की सराहनीय पहल, 40 वर्षों से कर रहे दिव्यांगों की सेवा**


**रायपुर।** दिव्यांगजनों और मानव सेवा के लिए समर्पित उदयपुर की नारायण सेवा संस्थान कल 24 अगस्त को निःशुल्क फिटमेंट कैम्प का आयोजन करने वाली है। हादसों और दुर्घटनाओं की वजह से हाथ-पैर गंवा चुके लोगों को कृत्रिम अंग देने के लिए वीआईपी रोड स्थित शगुन फार्म में सुबह 8 से शाम 6 बजे तक नारायण लिम्ब एवं कैलीपर्स फिटमेंट शिविर में प्रदेश के 382 दिव्यांगों के जीवन में खुशी लाने का प्रयास किया जाएगा।इसका शुभारंभ सुबह 11 बजे किया जाएगा। इसमें प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव से आने की सहमति मिली है। रविवार को आयोजित शिविर में केवल पूर्व में चयनित दिव्यांग ही लाभान्वित होंगे। इसके लिए 13 अप्रैल को लगाए गए कैम्प में जिन 382 लोगों का चयन किया था, ऐसे दिव्यांगों को कृत्रिम अंग ही नहीं जीने का सहारा भी मिलेगा। जनसंपर्क निदेशक भगवान प्रसाद गौड़ ने यह जानकारी शुक्रवार को मोतीबाग स्थित प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता के दौरान दी।

### प्रतिमाह 1800 से अधिक को दे रहे कृत्रिम अंग

आगे बताया कि संस्थान विगत 40 वर्षों से देश-विदेश में लाखों दिव्यांगों को उनके ही शहर और घर के नजदीक सेवा पहुंचा रहा है। जो किसी हादसे के बाद परिवार पर बोझ समझे जाने लगे थे, संस्थान की जर्मन टेक्नोलॉजी से निर्मित नारायण लिम्ब पहनकर अपने पैरों पर खड़े होंगे और समाज की मुख्यधारा से जुड़ेंगे। निदेशक गौड़ और कैम्प प्रभारी हरि प्रसाद लड्ढा, आश्रम प्रभारी भरत पालीवाल, हेमंत मेघवाल ने पोस्टर जारी करते हुए बताया कि संस्थान अब तक भारत ही नहीं बल्कि केन्या, युगांडा, मेरु, तंजानिया और नेपाल में सेवा के दीप जला चुका है। प्रतिमाह लगभग 1800 से अधिक कृत्रिम हाथ-पैर दिव्यांगजनों को लगाए जा रहे हैं। कैम्प में संस्थान द्वारा किए जाने वाले कार्यों को परिवार के लोग देख सकेंगे। साथ ही जिन्हें सेवा मिल रही है। उन सभी लोगों को ट्रेनर अंगो के रख-रखाव और तकनीक की जानकारी देने के साथ प्रैक्टिस भी करवाएंगे।

## सिटी इवेंट

# नवरात्रि से पहले गरबे की ताल पर थिरके कदम, कठिन स्टेप्स सीखने में दिखा उत्साह



**रायपुर।** नवरात्रि में भले ही अभी एक महीने से अधिक का समय बाकी है, लेकिन राजधानी में इसकी तैयारियां अभी से शुरू हो गई हैं। गरबा प्रतियोगिता में शामिल होने और गरबा सीखने के लिए क्लासेज की शुरुआत हो चुकी है। शुक्रवार को अवसर संस्था की ओर से महाराष्ट्र मंडल में तीन दिवसीय गरबा वर्कशॉप का आगाज किया गया। पहले ही दिन 40 से ज्यादा प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया और गरबे की ताल पर थिरके।



वर्कशॉप में प्रतिभागियों को प्रशिक्षित करने मुंबई से विशेष रूप से कोरियोग्राफर मितेश त्रिवेदी और मिश्री लोहाना पहुंचे हैं। कोरियोग्राफर मितेश त्रिवेदी ने बताया कि पहले दिन प्रतिभागियों को गरबा के बेसिक नियम सिखाए गए। शुरुआत स्लो रिदम पर टू-स्टेप से हुई, इसके बाद 'पोपट' यानी थ्री-स्टेप और अंत में थ्री-स्टेप फास्ट की प्रैक्टिस कराई गई, जिसमें प्रतिभागियों ने गीतों की ताल पर जमकर गरबा सीखा और आनंद लिया। गरबा वर्कशॉप में सभी प्रतिभागियों ने पारंपरिक परिधानों में गरबे की प्रैक्टिस कर माहौल को और भी रंगीन बना दिया। ज्यादातर प्रतिभागी ट्रेंडिंग गुजराती गानों"गलगो हां हे गलगोटो हा...", "रंग मोरला...", "सावरिया.."और "द्वारिका नो नाथ..,की धुन पर थिरके।

### अगले दो दिन और नए स्टेप सिखाए जाएंगे

गरबा वर्कशॉप में प्रतिभागियों ने गुजराती गानों की ताल पर स्पिन, बैठकी और बैरल जैसे कठिन स्टेप्स सीखे। गानों के रिदम पर हल्के-हल्के स्पिन करते हुए एक पूरा गोल चक्कर लगाने की तकनीक सिखाई गई। बैठकी स्टेप में पैरों को जोड़कर नीचे बैठते हुए घुमावदार नृत्य करना होता है, जिसमें डांसर्स तेजी से सर्किल में घूमते हैं। वहीं बैरल स्टेप में पैरों को हवा में उछालते हुए बड़ा स्पिन किया जाता है। वर्कशॉप के पहले दिन सभी प्रतिभागियों ने लगभग तीन घंटे तक जमकर प्रैक्टिस की। आने वाले दो दिनों में प्रैक्टिस का समय बढ़ाया जाएगा और प्रतिभागियों को और भी नए स्टेप्स सिखाए जाएंगे। उन्होंने सभी को घर पर भी नियमित अभ्यास करने की सलाह दी, ताकि गरबा प्रदर्शन और बेहतर हो सके।

## इसरो दिवस पर साइंस सेंटर में दो दिवसीय कार्यक्रम का आगाज, आज इसरो के साइंटिस्ट लेंगे सेशन

# 'ब्लिंक लिंक' चश्मे से पलक झपकते ही कंट्रोल होंगे बटन 'लाइफ सूट' से दिव्यांगों को फिजिकल थेरेपी में मिलेगी मदद

छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेंटर में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, शुक्रवार से प्रारंभ कार्यक्रम में अंतरिक्ष प्रदर्शनी और विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता चंद्रयान पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म की प्रदर्शनी की गई। खास मौके पर डीपीएस, केपीएस, पीएस श्री, संत ज्ञानेश्वर स्कूल, स्वामी विवेकानंद एवं ग्रामीण क्षेत्र से शासकीय विद्यालयों से हजार से अधिक छात्रों की उपस्थिति दर्ज की गई। कार्यक्रम में महानिदेशक डॉ. एस. कर्मकार और प्रभारी परियोजना संचालक शिरीष कुमार सिंह, वैज्ञानिक अधिकारी प्रज्ञा कदम मौजूद रहीं। शनिवार को इसरो के वैज्ञानिक का व्याख्यान रखा गया है।

**रायपुर।** "केपीएस डूंडा के छात्र ओम निर्मलकर ने 'ब्लिंक लिंक' नामक एक अनोखा चश्मा तैयार किया है, जो बुजुर्गों और दिव्यांग व्यक्तियों के लिए खास मददगार साबित होगा। यह सामान्य चश्मा नहीं है, बल्कि इसकी मदद से घर के लाइट और पंखे के ऑन-ऑफ स्विच को केवल आंखों की पलक झपकाने से नियंत्रित किया जा सकता है। ओम ने बताया कि उन्होंने पिछले दो वर्षों से इस तकनीक पर रिसर्च की है, चश्मा पहनकर व्यक्ति स्विच बंद-चालू कर सकता है। इस दौरान उन्होंने 60 से अधिक प्रयोग किए हैं। आने वाले समय में इस उपकरण को व्यक्ति के मस्तिष्क से कनेक्ट किया जा सकेगा और मन में आने वाले विचारों से ही इसे संचालित किया जाएगा।"





### स्पेस मिरर फॉर सोलर बूस्ट मॉडल, सेटेलाइट से पृथ्वी तक पहुंच सकेगी सौर ऊर्जा

पीएमश्री स्कूल के कक्षा 9वीं के छात्र मुकेश साहू और देवेश साहू ने 'स्पेस मिरर फॉर सोलर बूस्ट' नामक वर्किंग मॉडल तैयार किया है, जो भविष्य में ऊर्जा उत्पादन की दिशा में एक सराहनीय कदम हो सकता है। छात्रों ने अपने मॉडल में यह दर्शाया कि यदि किसी सेटेलाइट पर मैग्नीफाइंग ग्लास लगाया जाए तो वह अंतरिक्ष से प्राप्त सूर्य की रोशनी को पृथ्वी पर अधिक केंद्रित कर सकता है। इससे सोलर पैनल की कार्यक्षमता कई गुना बढ़ाई जा सकती है, जिससे बिजली उत्पादन में बड़ा इजाफा हो सकता है। इस मॉडल की खासियत यह है कि यह सोलर सिस्टम को रोशनी के अनुसार ऑटो-रोट्रेटिंग किया जा सकता है। साथ ही केंद्रित रोशनी को पृथ्वी के किसी भी क्षेत्र में आसानी से भेजा जा सकता है।

### लाइफ सूट, दिव्यांगों के लिए सस्ती और ऑटोमेटिक थेरेपी मशीन

केपीएस स्कूल के कक्षा 9वीं के छात्र सात्विक चंद्राकर ने 'लाइफ सूट' तैयार किया है, जो विशेष रूप से दिव्यांग व्यक्तियों के लिए फिजिकल थेरेपी में सहायक है। यह ऑटोमेटिक मशीन उन लोगों के लिए उपयोगी है, जिनके हाथ या शरीर का कोई हिस्सा सामान्य रूप से काम नहीं कर रहा। सात्विक ने बताया कि फिजिकल थेरेपी में एक बार का खर्च लगभग 800 रुपए तक आता है, लेकिन यह 'लाइफ सूट' केवल 2000 रुपए में उपलब्ध होगा। इस सूट को पहनने के बाद उपयोगकर्ता रिमोट की मदद से इसे नियंत्रित कर सकता है। यह मशीन शरीर के प्रभावित हिस्सों को नियमित रूप से गति देकर धीरे-धीरे सक्रिय करने में मदद करती है और 3-4 सप्ताह में ही परिणाम देखने को मिल सकते हैं।





### साल 2028 तक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन भी प्रारंभ

भारत में साल 2028 तक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन प्रारंभ होने वाला है। यह कहना है अमेरिकन एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी के सदस्य प्रो. एसके पांडेय का। वे छत्तीसगढ़ के एकमात्र ऐसे व्यक्ति हैं, जो विश्व स्तर पर अमेरिकन एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी के साथ जुड़कर काम कर रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को इसरो के इतिहास, विभिन्न उपग्रहों की उपयोगिता, भारत की प्रमुख अंतरिक्ष यात्राएं, चंद्र अभियानों और 'गगनयान मिशन' के बारे में विस्तृत जानकारी दी। व्याख्यान सत्र के दौरान छात्रों ने यूनिस्पेस क्या है? आकाशगंगा और सोलर सिस्टम, हम दूसरे अर्थ पर क्यों जाना चाहते हैं? जैसे अनेक प्रश्न पूछे।



# उज्बेकिस्तान-छत्तीसगढ़ के विद्यार्थियों को मिलेगा कृषि शोध एवं अध्ययन का अवसर




**रायपुर।** उज्बेकिस्तान के डेनाऊ इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरप्रेन्योरशिप एंड पेडागॉजी के रेक्टर प्रो. ओयबेक आब्दीमुमीनोविच रोज़िव सहित अध्ययन दल के प्रतिनिधिमंडल ने आज कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी मंत्री रामविचार नेताम से अटल नगर, नवा रायपुर स्थित उनके शासकीय निवास कार्यालय में सौजन्य मुलाकात की। मंत्री श्री नेताम ने उज्बेकिस्तान के कृषि वैज्ञानिकों का छत्तीसगढ़ के पावन धरती में आने पर आत्मीय स्वागत किया। इस मौके पर प्रोफेसर ओयबेक रोजिव ने बताया कि हिन्दुस्तान और ताशकंद का तीन हजार वर्ष पुराना संबंध है। उन्होंने बताया कि ताशकंद उज्बेकिस्तान की राजधानी और सबसे बड़ा शहर है। यह मध्य एशिया में स्थित है और अपनी आधुनिक वास्तुकला, चौड़ी सड़कों और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत तथा बेहतर जैव प्रौद्योगिकी के लिए जाना जाता है। प्रोफेसर रोजिव ने मंत्री श्री नेताम को बताया कि वे अध्ययन भ्रमण में छत्तीसगढ़ आए हैं।

### उज्बेकिस्तान और आईजीकेवी के बीच एमओयू

इस अवसर पर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर एवं डेनाऊ इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरप्रेन्योरशिप एंड पेडागॉजी उज्बेकिस्तान के मध्य दोनों शिक्षा एवं अनुसंधान में सहयोग हेतु एमओयू पत्रों का आदान-प्रदान हुआ। समझौते के तहत कृषि, पर्यावरण, जल संरक्षण, सुगंध एवं औषधीय पौधों का उत्पादन, खाद्य प्रसंस्करण, जैव प्रौद्योगिकी और उद्यमिता विकास जैसे क्षेत्रों में संयुक्त अनुसंधान कार्य किए जाएंगे। इससे इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान के अवसर प्राप्त होंगे।

# जरूरतमंद बच्चों का होगा सम्मान अभियान चलाकर फंड जुटा रहे

**रायपुर।** मां कर्मा प्रतिभा प्रोत्साहन समिति रविवार को शंकर नगर स्थित विमतारा भवन में 500 से अधिक जरूरतमंद बच्चों का सम्मान करेगी। सम्मान समारोह का आयोजन प्रदेश के विभागों से सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों ने किया है। साथ ही दसवीं और बारहवीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जरूरतमंद बच्चों को चेक देकर सम्मानित किया जाएगा। संचालक मंडल के पदाधिकारी टेकराम साहू एवं दिनेश कुमार साहू ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को मदद करने के उद्देश्य से इसका गठन किया गया है। इस कार्य के लिए कार्मचारियों ने प्रदेश में अभियान चलाकर फंड एकत्रित किया है।



### इंजीनियरिंग, मेडिकल व प्रतियोगी परीक्षा में समिति करेगी आर्थिक मदद

कर्मचारियों ने बताया कि इसके माध्यम से बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक मदद प्रदान की जाएगी। इसमें इंजीनियरिंग, मेडिकल के अलावा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले बच्चों का खर्च उठाया जाएगा। यह कार्य समाज के लिए किया जा रहा है, जिससे हर बच्चे को अवसर मिल सके। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में प्रदेशभर के प्रतिभावान बच्चे और उनके परिजन शामिल होंगे।

## पं. हरिशंकर शुक्ल स्मृति महाविद्यालय में फ्रेशर्स पार्टी

**कार्नर न्यूज**

# डीजे की धुन पर घंटों थिरके स्टूडेंट्स हिंदी-छत्तीसगढ़ी गीतों पर दिखाया टैलेंट

**रायपुर।** नवप्रवेशित स्टूडेंट्स के स्वागत में शुक्रवार को पं. हरिशंकर शुक्ल स्मृति महाविद्यालय में फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। इस दौरान प्राचार्य डॉ. ममता शर्मा ने स्टूडेंट्स को उनके कर्तव्यों से अवगत कराया। कार्यक्रम में सीनियर स्टूडेंट्स ने भी मनोरंजक गेम्स का आयोजन किया था, जिसमें सभी ने हिस्सा लेते हुए अपनी टैलैंट दिखाया। रोमांचक गेम्स में म्यूजिकल ग्रुप, गेस द साउंड, मास डांस फ्रीज और मैच एंड एग्जिट आयोजित किए गए। सभी प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह से भाग लेकर अपनी परफॉर्मेंस से निर्णायकों को प्रभावित किया। निर्णायक मंडल ने वेशभूषा, व्यक्तित्व और प्रस्तुति के आधार पर विजेताओं का चयन किया।इसके बाद डीजे की धुन पर सभी स्टूडेंट्स ने दो घंटे तक जमकर डांस किया। इस अवसर पर चेयरमैन सुशील शुक्ला ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद, सांस्कृतिक और साहित्यिक गतिविधियों में भाग लेकर विद्यार्थी न केवल अपनी प्रतिभा को निखार सकते हैं, बल्कि समाज को भी सशक्त बना सकते हैं।



### आदित्य व आयेशा बने मिस्टर-मिस फ्रेशर

फ्रेशर्स पार्टी में भाग लेते हुए स्टूडेंट्स ने प्रस्तुतियां दीं। वेशभूषा, व्यक्तित्व और परफॉर्मेंस के आधार पर निर्णायकों ने आदित्य भारती को मि. फ्रेशर, आयेशा तांडेकर को मिस फ्रेशर, आर्यन निर्मलकर को मि. हरिशंकर, शीतल कौर को मिस हरिशंकर, अंशदीप सिंह को मि. हैंडसम, पिया भागचंदानी को मिस ब्यूटीफुल तथा प्रांजल मिश्रा एवं मनीषा तांडे को बेस्ट परफॉर्मर चुना। इस अवसर पर चेयरमैन सुशील शुक्ला ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद, सांस्कृतिक और साहित्यिक गतिविधियों में भाग लेकर वे नई ऊंचाइयाँ हासिल कर सकते हैं।



### डीजे की धुन पर जमकर थिरके

कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों ने डीजे की धुन पर खूब मस्ती की। दोस्तों के साथ हिंदी और छत्तीसगढ़ी गीतों पर जमकर नृत्य किया, वहीं मंच पर अपनी प्रस्तुति देकर छात्रों ने अपने टैलेंट का भी शानदार प्रदर्शन किया।



## धर्म लाइव

# जैन दादाबाड़ी में भजनों की मनमोहक प्रस्तुति, अनुष्ठान में श्रद्धालुओं हुए शामिल



**रायपुर।** खरतरगच्छाधिपति आचार्य श्रीजिनमणिप्रभ सूरीश्वरजी द्वारा प्रतिष्ठित श्रीसीमंधर स्वामी जैन मंदिर भैरव सोसायटी में महावीर जन्मवांचन के अवसर पर पालना महोत्सव व 14 स्वप्नों का पूजन 24 अगस्त रविवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। श्रीसीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि जब भगवान महावीर स्वामी मातारानी त्रिशला के गर्भ में आते हैं, उस रात्रि माता 14 महास्वप्न देखती हैं। गज, वृषभ, सिंह, लक्ष्मीजी, पुष्पमाला, चंद्रमा, सूर्य, ध्वज, कलश, कल्प सरोवर, देवविमान, रत्नों की राशि, निरधुम अग्नि, क्षीरसागर स्वप्नों के साथ कल्प वृक्ष व महावीर स्वामी के पालनाजी का पूजन कर महोत्सव मनाया जाएगा। चमत्कारी श्रीजिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी में शुक्रवार को सुमधुर भजन गायिका मिताली कटारिया व सिद्धार्थ गोलछा ने भजनों से श्रद्धालुओं का मनमोहलिया। पर्व पर्युषण आया, अब तक किए जो पाप, त्यागने का वक्त आया, जैनों का त्योहार आया, पर्व पर्यूषण आया, भजन में श्रद्धालुओं ने स्वयं को जोड़ लिया। प्रभुभक्ति के लाभार्थी महेंद्र कुमार, तरुण कुमार मानस गौरव कल्प गर्वित कोचर परिवार रहे। मणिधारी दादागुरुदेव श्रीजिनचंद्र सूरीश्वरजी के स्वर्गारोहण महोत्सव के अवसर पर सुप्रसिद्ध गुरुभक्त गायिका पूनम बरमट व निर्मल पारख ने गुणानुवाद भक्तिगीत प्रस्तुत किए। भक्ति के लाभार्थी इंदरचंद जय विजय सांखला परिवार ने गायकों का बहुमान किया। पर्यूषण पर्व प्रभुभक्ति का संयोजन दीप्ति बैद व सिम झाबक द्वारा किया गया है।

> श्रीसीमंधर स्वामी जैन मंदिर भैरव सोसायटी में महावीर स्वामी का पालना महोत्सव व 14 स्वप्नों का पूजन

### सुप्रसिद्ध भजन गायक सुरेश भंसाली की प्रभुभक्ति आज

श्रीसीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेंद्र कोचर ने बताया कि आज 23 अगस्त शनिवार को केयुप के राष्ट्रीय चेयरमैन व छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध भजन गायक सुरेश भंसाली प्रभुभक्ति प्रस्तुति देंगे। लाभार्थी जीवनलाल डॉ. योगेश नयन खुशी बंगानी परिवार हैं।

## सिटी लाइव

# आदिवासी-आत्मसमर्पित नक्सलियों को कौशल प्रशिक्षण से रोजगार देने हुई चर्चा



**रायपुर।** बीएआई की छत्तीसगढ़ इकाई का दो दिवसीय कार्यक्रम शनिवार से शुरू हुआ। पहले दिन की बैठक में छत्तीसगढ़ के बेरोजगार आदिवासी युवाओं, आत्मसमर्पित नक्सलियों और अन्य युवकों को कौशल विकास प्रशिक्षण देकर रोजगार उपलब्ध कराने पर मंथन किया गया। बैठक में बिल्डरों ने शासन से मांग की कि राज्य से चल रहे सभी कार्यों में जीएसटी का भुगतान अलग से किया जाए। साथ ही बेरोजगार युवाओं को निर्माण क्षेत्र से जोड़कर रोजगार देने के मुद्दे पर भी चर्चा हुई। कार्यक्रम में बीएआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र सिंह कंबोह, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमैन रूपेश सिंघल, पूर्व चेयरमैन कंवलजीत सिंह ओबेरॉय, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष केसी राव, आयोजन समिति के चेयरमैन आलोक शिवहरे और सेंटर चेयरमैन सुशील अग्रवाल मौजूद रहे।

### आदिवासी क्षेत्रों में खुले कौशल विकास केंद्र

उन्होंने बताया कि बीएआई प्रतिवर्ष 2000 से अधिक रोजगार के अवसर सृजित करता है, लेकिन कुशल कर्मकारों की कमी एक बड़ी चुनौती है। संगठन ने सरकार से अपील की कि बस्तर जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष कौशल विकास केंद्र स्थापित किए जाएं, ताकि आदिवासी और नक्सल प्रभावित युवाओं को निर्माण कार्य से जुड़े कौशल सिखाए जा सकें। इससे न केवल रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, बल्कि नक्सलवाद जैसी समस्या पर भी सकारात्मक असर पड़ेगा। बीएआई ने इस पहल को सामाजिक और आर्थिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

## समाज इवेंट

# राणी सती दादी मंदिर में मनाया भाद्रपद अमावस्या महोत्सव



**रायपुर।** राजातालाब स्थित श्री राणी सती दादी मंदिर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भाद्रपद अमावस्या महोत्सव का शुभारंभ श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में हुआ। आयोजन का यह 49वां वर्ष है, दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम के पहले दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली। पहले दिन सुबह प्रतिमा के पंचामृत स्नान से पूजन-अनुष्ठान की शुरुआत हुई, जिसके बाद श्रृंगार दर्शन के लिए मंदिर के द्वार खोले गए। वही देर रात तक सोडस मातिका पूजन और ज्योति प्रज्ज्वलित की गई। खास मौके पर कोलकाता से आमंत्रित भजन गायक श्याम अग्रवाल, राधाश्री और राम श्याम अवस्थी ने एक से बढ़कर एक भक्तिमय कीर्तन की प्रस्तुति दी। जहां पूरा वातावरण भक्ति-रस से सराबोर नजर आया।

### साहित्य सृजन का कवि सम्मेलन 24 को

**रायपुर।** साहित्य सृजन संस्थान के तत्वावधान में 24 अगस्त को सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में भव्य साहित्यिक आयोजन होगा। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चलने वाले इस कार्यक्रम में कवि सम्मेलन, पुस्तक विमोचन और सम्मान समारोह होगा। यह जानकारी संस्थान अध्यक्ष वीर अजीत शर्मा और महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष ममता खरे 'मधु' ने दी। कार्यक्रम की शुरुआत कवि सम्मेलन से होगी। पहले सत्र में शुभा शुक्ला, प्रमदा ठाकुर, राजेंद्र रायपुरी, विजया ठाकुर, दीपिका ऋषि झा, जे.एस. उरकुरकर और शशि सुरेंद्र दुबे मंचासीन रहेंगे। संचालन उमेश कुमार सोनी 'नयन' करेंगे।

---

**● पोला पर्व पर आज रावणभाठा, रामसागर पारा, नेताजी सुभाष स्टेडियम में बैल दौड़, बैल सजाओ प्रतियोगिता**

# 10 साल से दौड़ रही जय-वीरू और मोटू-पतलू की आज होगी भिड़ंत, इस बार 15 जोड़ों के बीच रोमांचक मुकाबला

रावणभाठा मैदान में पिछले 16 साल से पोला पर्व पर भव्य बैल दौड़ प्रतियोगिता का लोग आनंद उठाते आए हैं। इस बार भी शहरवासियों को बैल दौड़ प्रतियोगिता का रोमांचक मुकाबला देखने को मिलेगा। आज दोपहर 3 बजे से मैदान पर प्रतिभागी किसानों के 15 जोड़े बैल दौड़ में उतरेंगे। पिछले 10 साल से प्रतियोगिता में हवा की वेग से दौड़ प्रतियोगिता में रोमांच भरने वाले दो बार के विजेता जय-वीरू और मोटू-पतलू बैलों की जोड़ी फिर शामिल होगी। रावणभाठा मैदान में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव समिति के अध्यक्ष माधव लाल यादव ने बताया कि 15 से अधिक किसानों ने बैल सजाओ व दौड़ प्रतियोगिता के लिए पंजीयन करा लिया है।



### नेताजी सुभाष स्टेडियम में विविध कार्यक्रम

नेताजी सुभाष स्टेडियम में छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग द्वारा पोला पर्व उत्सव का आयोजन किया गया है। यहां पर पोरा पटकने की रस्म, पारंपरिक खेल-प्रतियोगिताएं, मेहंदी लगाओ समेत पारंपरिक सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित कर पोला पर्व का उत्सव महिलाएं व आयोग के सदस्य मनाएंगे।

### बैलों की पूजा कर गुड़-चीला, गुझिया, तसमई का लगाएंगे भोग

प्रतिभागी किसान संतोष सोनकर, प्यारे सोनकर, ललन साहू, जोहत राम सोनकर, ओंकार सोनकर सहित 15 से अधिक प्रतिभागी किसानों के बैल के जोड़े प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। आयोजक समिति व प्रतिभागी किसानों ने बताया कि प्रतियोगिता से पूर्व सभी बैल जोड़ों का पूजा-अर्चना की जाएगी। फिर बैल जोड़े को छत्तीसगढ़ी व्यंजन ठेठरी, खुरमी, गुड़-चीला, गुलगुल भजिया, अनरसा, सोहारी, चौसेला, बरा, मुरकू, भजिया, मुठिया, गुझिया, तसमई आदि व्यंजनों का भोग लगाएंगे।

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पारंपरिक पोला पर्व को पूरे रीति-रिवाज, विधि-विधान से भव्य व धूमधाम से मनाने मैदान में पूरी तैयारी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि पोला पर्व भाद्रपद मास की अमावस्या को मनाया जाता है, जिसमें किसान अपनी कृषि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले बैलों का श्रृंगार और पूजा करते हैं तथा बैल दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। इस पर्व पर किसानों द्वारा अपने बैलों को नहलाया जाता है, उनके सींगों पर तेल



लगाया जाता है और उन्हें फूलों व रंगबिरंगे कपड़ों से सजाया जाता है। बैल दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन गांवों और शहरों में होता है, जहां सजे हुए बैल दौड़ाए जाते हैं और विजेता बैलों के लिए किसानों को नकद पुरस्कार दिए जाते हैं। इसी परंपरा के अनुरूप समिति का लगातार यह 17वां साल है, जहां रावणभाठा मैदान भाठागांव में लोगों को बैल दौड़ देखने का अवसर मिलता आ रहा है।

### ढोल-नगाड़े की धुन पर दौड़ेंगे आकर्षक झांकियों से सजे बैल

समिति के अध्यक्ष माधव लाल यादव ने बताया कि बैल सजाओ व दौड़ प्रतियोगिता में किसान अपने बैलों की पीठ पर शिव-पार्वती, राधा-कृष्ण, सांई बाबा की आकर्षक झांकियां सजाकर लाते हैं। इसके अलावा सोशल मैसेज देते हुए पर्यावरण संरक्षण, नशामुक्ति जैसे संदेश वाली झांकियों से किसान बैलों को सजाकर लाएंगे। वहीं प्रतियोगिता को मनोरंजक व रोमांचक बनाने ढोल-नगाड़े, बैंड-बाजे की धुन के बीच प्रतिभागी किसान अपने बैलों की जोड़ी दौड़ाएंगे। साथ ही दर्शकों के लिए प्रतियोगिता से पहले छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक लोकगीत व नृत्य का भी रंगारंग आयोजन किया गया है।

### रामसागर पारा में दर्जनभर बैल जोड़े लगाएंगे दौड़

छत्तीसगढ़ पारंपरिक पोरा तिहार उत्सव समिति व रामसागर पारा क्षेत्रवासियों द्वारा पूर्व विधायक विकास उपाध्याय के संरक्षण में भव्य रूप से बैल दौड़ प्रतियोगिता आयोजित है। श्री उपाध्याय ने बताया कि पोला तिहार के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई हैं। इनमें मुख्य रूप से भव्य बैल दौड़ एवं नांदिया बैला चलई और जांता चलई जैसी विविध प्रतियोगिताएं शामिल हैं। दोपहर 3 बजे के आसापास प्रतियोगिता की शुरुआत होगी। जहां एक दर्जन से अधिक बैल जोड़ों को आकर्षक रूप से सजाकर प्रतिभागी किसान भाग लेंगे। प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ सजावट को नकद 6100 रुपए पुरस्कार, प्रथम विजेता को नकद 5100 रुपए पुरस्कार, द्वितीय पुरस्कार 4100 रुपए नकद, तृतीय पुरस्कार 3100 रुपए नकद, सभी बैल जोड़ियों को सांत्वना पुरस्कार नकद 2100 रुपए आयोजन समिति द्वारा प्रदान किया जाएगा।

---

# राधाष्टमी पर राधारानी के प्राकट्य उत्सव की धूम, सोलह श्रृंगार में होंगे दर्शन

**रायपुर।** राधाष्टमी के पावन अवसर पर शहर के प्रमुख मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष 31 अगस्त को श्री राधारानी का प्राकट्य उत्सव मनाया जाएगा। धार्मिक स्थलों पर मंगल आरती से लेकर देर रात तक महाआरती, श्रृंगार, अभिषेक और भोग प्रसादी जैसे धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया है। वहीं श्रद्धालुओं को राधाष्टमी के विशेष अवसर पर श्री राधारानी के चरणों का दर्शन करने का मौका मिलेगा, जो साल में केवल एक बार ही दिया जाता है। ऐसे में महादेवघाट स्थित राधा-कृष्ण मंदिर, समता स्थित राधा-कृष्ण मंदिर, इस्कॉन मंदिर, सदर बाजार स्थित गोपाल मंदिर में विशेष पूजन की तैयारी जारी है।

### दोपहर 12 बजे प्राकट्य उत्सव

इस्कॉन मंदिर में राधाष्टमी महोत्सव की तैयारियां जारी हैं। मंदिर प्रबंधन से राजेन्द्र पारक ने बताया कि राधाष्टमी के दिन उत्सव की शुरुआत मंगल आरती से की जाएगी, जिसके बाद दिनभर विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। मंदिर में दोपहर 12 बजे श्री राधा रानी का प्राकट्य उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए विशेष श्रृंगार दर्शन और राधा रानी के चरणों के दुर्लभ दर्शन मुख्य आकर्षण रहेंगे। इस अवसर पर प्रतिमा को वृंदावन और मथुरा से मंगाए गए, आभूषण व पोशाक से श्रृंगार किया जाएगा।



### फूलों से सजी विशेष हिंडोला तैयार

महादेवघाट स्थित राधा-कृष्ण मंदिर के पुजारी दिनेश गिरी ने बताया कि इस विशेष दिन पर श्री राधा-कृष्ण के चल विग्रह को गर्भगृह से बाहर लाया जाएगा, जिससे श्रद्धालु दुर्लभ चरण दर्शन का लाभ ले सकें। राधाष्टमी के मौके पर मंदिर परिसर में फूलों से सजी विशेष हिंडोला तैयार की जा रही है, जिसमें राधा-कृष्ण विराजमान रहेंगे। साथ ही, भगवान को अर्पित अद्भुत श्रृंगार और 56 भोग प्रसादी भक्तों के लिए मुख्य आकर्षण रहेंगे।

### सोलह श्रृंगार में सजेंगी राधा रानी

इस मौके पर जैतूसाव मठ में भी विशेष कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है, जहां दोपहर 12 बजे जन्मोत्सव उत्सव मनाया जाएगा। साथ ही 51 पकवान एवं मिष्ठान का भोग अर्पित किया जाएगा। इस दौरान भगवान की प्रतिमाएं चमकदार पोशाक एवं सोलह श्रृंगार से सजी नगर आएंगी। इस दिन शहर के समता स्थित राधा-कृष्ण मंदिर, सदर बाजार स्थित गोपाल मंदिर में भी विशेष आयोजन किया जा रहा है।

# दीक्षारंभ में नए स्टूडेंट को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के नियमों को दी जानकारी

**रायपुर।** दुर्गा महाविद्यालय में रविवार को दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के भवन में हुआ। इस कार्यक्रम में प्रथम सेमेस्टर के बीए, बी-कॉम, बीसीए, बीबीए, डीसीए और पीजीडीसीए के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नए स्टूडेंट्स को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2022 के नियमों के संबंध में बताना था। इसके साथ ही स्टूडेंट्स ने मौजूद संसाधनों, विभागों, एनसीसी, एनएसएस सहित वर्षभर में होने वाले गतिविधियों के बारे में जाना।

**प्राचार्य ने कहा- नियमों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद व प्रतियोगिता में भाग लें**

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रतिभा मुखर्जी ने स्टूडेंट्स को संबोधित करते हुई कहा कि सभी को नियमों को पालन करना है व महाविद्यालय में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद व अन्य प्रतियोगिता में भाग लें और महाविद्यालय का नाम रोशन करें। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता महापौर मीनल चौबे ने कहा कि युवा पीढ़ी ही नींव है। ऐसे में जरूरी है कि स्टूडेंट्स प्रतिदिन कॉलेज आएं। सभी नियमों का पालन करें और सबके प्रति सम्मान की भावना रखें।



### रविवि में दर्शन एवं योग अध्ययनशाला के छात्रों का दीक्षारंभ संस्कार समारोह

रविवि में दर्शन एवं योग अध्ययनशाला में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के दीक्षारंभ संस्कार समारोह का आयोजन हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं है, बल्कि जीवन मूल्यों और संस्कारों का संवर्धन करना भी है। उन्होंने नवप्रवेशित विद्यार्थियों को अनुशासन, योग एवं सतत अध्ययन की जीवनशैली अपनाने का आव्हान किया। विशिष्ट अतिथि अंजय शुक्ला ने अपने उद्बोधन में योग और ध्यान के माध्यम से मानसिक संतुलन एवं व्यक्तित्व विकास पर बल दिया। कार्यक्रम में समस्त नवप्रवेशित विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही।

---

**फरेब और गलत परिवार में रिश्ता न होने पाए, इससे बचने समाज की पत्रिका भी माध्यम**

# चौमासे में विवाह की मनाही, अब समय बचाने समाज की पत्रिका, वाट्स एप ग्रुप से परिजन तलाश रहे रिश्ते

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** 'सनातन संस्कृति में देवशयनी से देवउठनी के बीच चौमासे में विवाह की मनाही शास्त्रों में कही गई है, लेकिन तेजी से भागते समय के बीच लोग दायित्वों को निभा रहे हैं। जिन परिवारों में बेटे-बेटियों की शादी को लेकर तैयारी है, उन परिवारों में समाज की वैवाहिक पत्रिका की दखल बढ़ गई है। ज्यादातर समाज के मार्गदर्शन में वाट्स एप ग्रुप के माध्यम से भी वैवाहिक रिश्ते बनाने में कड़ी का काम चल रहा है। समाज प्रमुखों की मानें तो हर साल सैकड़ों परिवार पत्रिका और वाट्स एप ग्रुप के माध्यम से तय रिश्ते को देवउठनी के बाद शादी और सगाई का हिस्सा बनाते हैं।'

ग्रामीण समेत अब शहरी परिवेश की भागदौड़ भरी जिंदगी के बीच लोग परिवारिक दायित्वों का निर्वहन करते समय भी समाज से सरोकार बढ़ा रहे हैं। बेटे-बेटियों की शादी के बाद होने वाली घटनाओं और बदलाव को देखते हुए अब समाज के लोग पहले से ज्यादा सजग हैं। अलग-अलग



समाज के लोग भी मानते हैं कि वर्षों पुराने वैवाहिक पत्रिका का दौर अब भी कायम हैं। इसकी मदद से हर साल सैकड़ों रिश्ते सगाई और शादी समारोह का हिस्सा भी बनते हैं। इस हथकंडे के बीच विगत अब ज्यादातर समाज के लोगों ने वाट्स एप ग्रुप के माध्यम से रिश्ते तलाशना शुरू किया है। इससे समाज प्रमुखों को भी इसकी जानकारी मिलती है कि लोग मांगलिक आयोजन से रिश्ते की डोर मजबूत करने के लिए सहमत हैं। कुछ इसी तरह की जानकारी अलग-अलग समाज प्रमुखों ने दी।

### अब पत्रिका के साथ वैवाहिक वाट्स एप ग्रुप भी..

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय महामंत्री यशवंत सिंह वर्मा ने बताया कि समय के साथ शहरी क्षेत्र में भी हर वर्ग का समाज से सरोकार तेजी से बढ़ रहा है। युवक-युवती परिचय पत्रिका परिणय पुष्प का प्रकाशन हर साल किया जाता है। 408 पेज की पत्रिका का लोग उपयोग करते हुए बेटे-बेटियों का रिश्ता तय करने से पहले लोग सामाजिक स्तर पर संबंधित परिवार की परख करने लगे है। अभी तक तीन सौ से ज्यादा परिवारों के बीच आपसी संवाद चल रहा है। ज्यादातर लोग रिश्ता तय करने से पहले एक बार परिवारिक और सामाजिक स्तर पर टोह लेते हैं।

### वाट्स एप ग्रुप के माध्यम से रिश्ते की तलाश आसान

छत्तीसगढ़ हरदिहा साहू समाज अध्यक्ष रायपुर विनय साहू ने बताया कि समय के साथ सामाजिक सरोकार का तरीका भी बदला है। वर्षों पहले लोग रिश्तेदारों और परिचितों से बात करके बेटे-बेटियों के लिए रिश्ता तलाशने दौड़भाग करते थे। अब इसमें थोड़ा बदलाव आ गया है। समाज की ओर से पूर्व की तरह वैवाहिक पत्रिका का प्रकाशन तो नहीं किया जाता है। अब डिजिटल प्लेटफार्म का इस्तेमाल किया जाने लगा है। समाज के लोगों की सुविधा के लिए युवक-युवती परिचय ग्रुप भक्त माता कर्मा के नाम से वाट्सएप ग्रुप बना है। इसके माध्यम से समाज के पदाधिकारियों की निगरानी में वैवाहिक रिश्तों को लेकर सहमति बनती है। हर साल सैकड़ों लोग ग्रुप के माध्यम से देवउठनी के बाद सगाई और शादी के लिए तैयारी को लेकर सहमत हैं। ऐसे परिवारों ने अभी से तैयारी भी शुरू कर दिया है।

### मंगल परिणय ग्रुप और ऑनलाइन परिचय सम्मेलन

इसी तरह छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल ने बताया कि इन दिनों समाज के द्वारा बेटे-बेटियों और उनके पालकों को बेहतर रिश्ते तलाशने में मंगल परिणय वाट्सएप ग्रुप काफी सफल है। अभी 10 हजास से ज्यादा लोग अलग-अलग 15 ग्रुप से जुड़कर रिश्तों की तलाश करने के साथ सहमति भी दे रहे हैं। विगत पांच साल में ऑनलाइन प्लेटफार्म के माध्यम से 748 रिश्ते हर वर्ग के तय हुए हैं। इनमें 129 विधवा-विधुर भी शामिल हैं, इनके 200 से ज्यादा बच्चों को माता-पिता का सहारा मिला है। उन्होंने बताया कि समाज के द्वारा साल में एक बार ऑनलाइन परिचय सम्मेलन भी किया जाता है। पिछली बार 70 एनआरआई रिश्ते भी तय हुए थे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### बुची बाबू क्रिकेट में छत्तीसगढ़ के सौरभ ने लिए 3 विकेट



**रायपुर।** तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से अखिल भारतीय बुची बाबू आमंत्रण क्रिकेट टुर्नामेंट 2025-26 का आयोजन 18 अगस्त से किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ की सीनियर टीम का दूसरा मैच (22 - 24 अगस्त) चेन्नई में हिमाचल प्रदेश के विरुद्ध जारी है। पहले दिन हिमाचल प्रदेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। हिमाचल प्रदेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 57.2 ओवरों में 10 विकेट खोकर 144 रन बनाये। हिमाचल प्रदेश की शुरुवात खराब रही, उनके प्रारंभिक बल्लेबाज कुछ खास नही कर सके। हिमाचल प्रदेश की ओर से आर्यव्रत शर्मा ने 38 रन बनाये। साथ ही आकाश वशिष्ठ ने 32 रन तथा अभिनदंन ने 22 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ़ की ओर से वरुण सिंह भुई ने 4 विकेट तथा सौरभ मजूमदार ने 3 विकेट प्राप्त किये। पहले दिन की समाप्ति तक हिमाचल प्रदेश ने अपनी पहली पारी में 10 विकेट खोकर 144 रन बनाये है।

### चयनित खिलाड़ियों को आज से ऑनलाइन निशुल्क प्रशिक्षण



**रायपुर।** रायपुर जिला शतरंज महासमुंद व नाइट चेस क्लब पिथौरा के संयुक्त तत्वावधान में 23 अगस्त से 30 अगस्त तक एक सप्ताह का ऑनलाइन निशुल्क शतरंज प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। नाइट चेस क्लब पिथौरा के संयोजक व संभाग स्तरीय शालेय शतरंज स्पर्धा हेतु गठित महासमुंद जिले की टीम के कोच हेमंत खुटे ने जानकारी देते हुए बताया कि स्पर्धा से पूर्व रोजाना पूरे सप्ताह भर रात्रि 7 से 8 बजे तक चयनित खिलाड़ियों को ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जाएगा। सहयोगी के रूप में चेस ट्रेनर व इस संभाग स्तरीय शालेय शतरंज स्पर्धा के मुख्य निर्णायक रॉकी देवांगन होंगे। प्रशिक्षण के दरमियान खिलाड़ियों को शतरंज की रणनीति , ओपनिंग, एंडगेम, पॉन प्रमोशन, चेकमेट पैटर्न, किलेबंदी बनाना, शतरंज की जादुई बाजी, कॉम्बिनेशन ,नोटेशन,चेस क्लॉक का उपयोग, स्कोरशीट भरना, एनपासेंट, पिन, स्टेलमेट, इलीगल मूव आदि जानकारियों के साथ प्रशिक्षण के अंतिम दिवस लीचेस फॉर्मेट पर सभी खिलाड़ियों के मध्य एक शतरंज की एक ऑनलाइन स्पर्धा भी कराई जाएगी ताकि खिलाड़ियों का जोन लेवल चैंपियनशिप से पूर्वाभ्यास हो सके। ऑनलाइन शतरंज प्रशिक्षण के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि जिला खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे होंगे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रतियोगिता के संयोजक सुधीर प्रधान करेंगे। कार्यक्रम का संचालन शतरंज के वरिष्ठ खिलाड़ी अखिलेश कर करेंगे।

### जिला अस्मिता बैडमिंटन में रोमांचक रहा पहला दौर



**रायपुर।** खेलो इंडिया परियोजना के तहत सप्रे शाला बैडमिंटन हॉल में जिला स्तरीय अस्मिता बैडमिंटन स्पर्धा जारी है। स्पर्धा का उद्घाटन अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी कविता दीक्षित ने किया। प्रथम दौर के परिणाम में 15 वर्ष आयु समूह बालिका वर्ग एकल में यशिका वर्मा ने सकीना युसूफी को 15-7,15-8 से , आनवी तिवारी ने तरुषि बैसवाड़े को 15-8, 15-13 से , आयशा खान ने मान्या मिश्रा को , 15-3, 15-6 से , अनिका शर्मा ने मिराया शुक्ला को 15-7, 15-2 से, नव्या वर्मा ने प्रियम्वदा मालाकार को 15-14, 15-12 से , नादिरा सलमान ने अक्षिता राठी को 15-5, 15-7 से, निकिता जैन ने पारी जानना लकड़ा को 15-3 , 15-0 से , लेवन्या ठाकुर ने सिद्धि सिंह को 15-8, 15-9 से, जायना खान ने अमायरा कौर रेहाल को 15-8, 15-0 से , अशिनी सोनी ने जसप्रीत खनूजा को 15-10, 15-4 से, आध्या भारती ने आराध्या त्रिपाठी को 15-09, 15-8 से , हर्षिका गोयल ने काशवी अग्रवाल को 15-11, 13-15, 15-07 से , नैरती मंजुमदार ने श्रीदी गुप्ता को 15-2, 15-1 से , शानवी गुप्ता ने अनिका शर्मा को 15-09,15-4 से, आयशा खान ने वृत्ति वर्मा को 15-05, 15-09 से, गीतांशी समान्तरोय ने तनिष्का रणदीव को 15-07, 15-07 से , आरल खियानी ने यशिका वर्मा को 15-8, 15-09 , से तनुश्री बैनर्जी ने नव्या वर्मा को 15-03 ,15-5 से, संस्कृति शुक्ला ने आनवीं तिवारी को 15-12, 15-11 से , लेवन्य ठाकुर न्योजस्विनी खतरे को 15-07, 15-11 से , ओविया गुप्ता ने नादिरा सलमान को 15-3 , 15-4 से, जायना खान ने निकिता जैन को 15-13 , 15-08 से हराया।

आंखों से आप पहचान सकते हैं स्वास्थ्य का हाल

# आंखें कहलाती हैं आपकी सेहत का आईना, ऐसे लक्षण करते हैं शरीर में गड़बड़ी की ओर इशारा

आंखें सिर्फ दुनिया को देखने का जरिया नहीं हैं, बल्कि ये शरीर के अंदर चल रही गतिविधियों का आईना भी हैं। अक्सर हमारे शरीर में होने वाले छोटे-मोटे बदलाव, जैसे पोषण की कमी या किसी बीमारी का शुरुआती संकेत, हमारी आंखों में दिखाई देने लगते हैं। अगर आप इन संकेतों को पहचानना सीख जाएं, तो आप समय रहते अपनी सेहत का ध्यान रख सकती हैं। आइए न्यूट्रिशनिस्ट और वेट लॉस स्पेशलिस्ट लीमा महाजन से ऐसे ही कुछ आंखों में दिखने वाले नॉर्मल लक्षण, कारण और बचाव के कुछ आसान और असरदार उपाय जानते हैं।



### सूजी हुई आंखें

अगर आपकी आंखें सुबह सूजी हुई दिखती हैं, तो यह शरीर में पानी जमा होने का संकेत हो सकता है। नमक और पैकेट वाले खाने से बचें, क्योंकि ये वॉटर रिटेंशन बढ़ाते हैं। रोज 2-3 लीटर पानी पिएं। 7-8 घंटे की पूरी नींद लें। सोते समय सिर को थोड़ा ऊंचा रखें।

### आंखों का पीलापन

यह लिवर से जुड़ी किसी समस्या का संकेत हो सकता है। लिवर के लिए फायदेमंद चीजें जैसे कि आंवला, हल्दी, चुकंदर और फाइबर वाले फल खाएं। अल्कोहल, प्रोसेस्ड फूड और ज्याजदा चीनी खाने से बचें। सुबह की शुरुआत गर्म नींबू पानी या एलोवेरा जूस से करें।

### आइरिस के चारों ओर सफेद या ग्रे रिंग

यह अक्सर कोलेस्ट्रॉल बढ़ने का संकेत हो सकता है, जो हार्ट हेल्थ से जुड़ा है। ओमेगा-3 से भरपूर चीजें जैसे कि अलसी, चिया सीड्स, अखरोट और फैटी फिश खाएं। रोज कम से कम 30 मिनट चलें। हर 6-12 महीने में लिपिड प्रोफाइल की जांच कराएं।

### आंखों का बाहर निकलना



इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए, क्योंकि यह थायराइड जैसी गंभीर समस्या का संकेत हो सकता है। तनाव कम करें। इसके लिए 10 मिनट प्राणायाम या डीप ब्रीदिंग एक्सारसाइज करें। सोडियम वाली चीजें और कोल्ड ड्रिंक कम पिएं। अगर ऐसा लगातार हो रहा है, तो थायराइड प्रोफाइल चेक कराएं।

### आंखों के नीचे काले घेरे

यह सिर्फ नींद की कमी से नहीं होता है, बल्कि पोषण की कमी भी इसका कारण हो सकती है। सोने का एक नियमित शेड्यूल बनाएं। रोज आयरन से भरपूर चीजें जैसे कि चुकंदर, खजूर, गुड़ और पालक खाएं। सोने से पहले मोबाइल और लैपटॉप से दूर रहें।

### आंख में लाल धब्बे


आंखों में जलन और लाली ज्योदा स्क्रीन टाइम या थकान का नतीजा हो सकती है। 20-20-20 का नियम अपनाएं: हर 20 मिनट के बाद, 20 सेकंड के लिए 20 फीट दूर देखें। दिन में 2-3 बार आंखों पर ठंडे पानी के छींटे मारें। रात में कैफीन, अल्कोकहल और ज्या दा स्क्रीन टाइम से बचें।

### आंखों के पास पीले पैच

इसे जैंथेलाज्मा के नाम से भी जानते हैं। यह शरीर में बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल का संकेत हो सकता है। सुबह की शुरुआत गर्म पानी में भीगी हुई मेथी के दानों के साथ करें। रोज 5 भीगे हुए बादाम और 1 चम्मच अलसी खाएं। कम कोलेस्ट्रॉल वाला खाना खाएं और रेगुलर लिपिड लेवल चेक कराएं।

### बार-बार आंखों का फड़कना

यह तनाव, थकान या मैग्नीशियम की कमी का संकेत हो सकता है। एनर्जी ड्रिंक और ज्याभदा कैफीन वाली कोल्डम ड्रिंक से बचें। मैग्नीशियम से भरपूर चीजें जैसे कि कद्दू के बीज, केला और पालक खाएं। रोज 7-8 घंटे की पूरी नींद लें, इससे कोई समझौता न करें।



## भाग्यशाली लोगों के हाथ में शंख योग, जीवन में रहते हैं हमेशा सुखी

हमारी हथेली पर पर्वत के अलावा कई तरह निशान भी बने होते हैं जिससे कई तरह खास योगों का निर्माण होता है। जिस किसी भी व्यक्ति की हथेली पर शुभ योग के निशान होते हैं उनका जीवन बहुत सुखमय और आनंद से भरपूर रहता है।

### हथेली पर शंख योग

हस्तरेखा ज्योतिष शास्त्र के अनुसार अगर किसी व्यक्ति की हथेली पर शंख योग बनता है तो उसे बहुत ही शुभ माना जाता है। जब किसी व्यक्ति की हथेली में शुक्र पर्वत अच्छा हो और वहां से कोई रेखा निकलते हुए शनि पर्वत और दूसरी रेखा सूर्य पर्वत पर जाकर मिलती हो तो इससे शंख योग बनता है।



### शंख योग बनने के लाभ

हस्तरेखा ज्योतिष शास्त्र के अनुसार शंख योग जिन व्यक्तियों की हथेली पर बनता है उन्हें जीवन में सभी तरह के भौतिक सुखों की प्राप्ति होती है। शंख योग से व्यक्ति के जीवन में कभी पैसों की कोई कमी नहीं महसूस होती है। ऐसे लोगों को बहुत ही कम प्रयासों में जल्दी ही सफलता मिल जाती है। समाज में इनका मान-सम्मान हमेशा बना रहता है।

## नमी के मौसम में दाद, खाज और खुजली से बचाव के लिए बेहद असरदार तरीके

त्वचा सम्बन्धी समस्याएं मौसम के बदलने पर ज्यादा होती है। वहीं नमी भरे मौसम में शरीर का तापमान बदलने, हवा में नमी बढ़ने, ज्यादा पसीना आने, हाइजीन का ध्यान न रखने, किसी प्रकार की एलर्जी के सम्पर्क में आने या किसी रसायन के सम्पर्क में आने से भी समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे में कुछ तरीके अपनाना फायदेमंद हो सकता है। खासकर समस्या की शुरुआत में।

**साबुन या केमिकल का प्रयोग**- त्वचा रोग की शुरुआत अक्सर खुजली, जलन आदि लक्षणों से होती है। इसकी शुरुआत होते ही सबसे पहले साबुन, परफ्यूम, डियोडरेंट, बॉडी वॉश जैसे हर केमिकल युक्त साधन का प्रयोग एकदम बंद कर दें। केमिकल एलर्जी या संक्रमण को ट्रिगर कर सकते हैं।

**धातुओं-ज्वेलरी का प्रयोग बंद** - ऐसा कई बार होता है कि गले मे पहनी चेन, हार या हाथों में पहनी चूड़ियां आदि पसीने



और धातु के साथ मिलकर त्वचा सम्बन्धी समस्याओं का कारण बन जाती हैं। खासकर आर्टिफिशियल ज्वेलरी के कारण ऐसा हो सकता है। इसलिए त्वचा पर थोड़ी भी समस्या होते ही इन्हें उतार दें।

**सही परिधान का उपयोग**-कॉटन के ऐसे वस्त्र जो पसीने को सोखें और हवा को त्वचा तक पहुंचने दें, उनका ही उपयोग करें। सिंथेटिक कपड़े या जरी,लेस वाले कपड़े त्वचा पर रगड़ पैदा करके या पसीने को जमा करके मुश्किल बढ़ा सकते हैं।



## पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन

**रायपुर।** पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ की वार्षिक आम सभा बैठक एवं प्रबंधकारिणी चुनाव का आयोजन राजधानी रायपुर में किया गया। सभी सदस्यों ने स्वर्गीय आरसी मिश्रा को श्रद्धांजलि दी। जिसके उपरांत एजेंडा अनुसार बैठक शुरू हुई।

जिसमें वर्ष 2024-2025 की वार्षिक रिपोर्ट सचिव डिकेश ने रखी। वर्ष 2024-2025 का लेखा-जोखा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। वर्ष 2024-2025 का वार्षिक कैलेंडर भी सभा में प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात संगठन की प्रबंधकारिणी चुनाव प्रारंभ हुआ। प्रबंधकारिणी चुनाव में सभी पदों हेतु एक ही नामांकन प्राप्त होने पर चुनाव अधिकारी ने सभी को निर्विरोध निर्वाचित किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद हेतु आनंद छाबड़ा, उपाध्यक्ष पद हेतु प्रशांत सिंह रघुवंशी,सचिव पद हेतु डिकेश टंडन, सह सचिव पद हेतु नीता ,कोषाध्यक्ष पद हेतु अशोक दुबे और कार्यकारिणी सदस्य पद हेतु प्रमोद सिंह एवं राकेश सिंह ठाकुर शामिल हैं। इसके बाद आगे की कार्यवाही करते हुए अन्य विषय पर चर्चा में सभी ने कहा कि चूँकि पैरा



ओलिंपिक खेल में पैरा एथलीट, पैरा स्विमिंग, पैरा पावरलिफ्टिंग और पैरा शूटिंग का समावेश है इसलिए सभी खेलो की नियमित गतिविधि व विकास के लिए सभी सदस्यों की सहमति से पांच कमेटियों का गठन किया गया। जिसमें पैरा एथलिट डेवलपमेंट कमिटी चेयरमेन राकेश पांडे, को-चेयरमेन निरंजन साहू एवं वसीम राजा को बनाया गया।

पैरा स्विमिंग डेवलपमेंट कमिटी चेयरमेन राजेश शाह,



को-चेयरमेन सूरज यादव एवं सुमित तिवारी को बनाया गया। सदस्य तामेश्वर गंगोरी एवं के चंद्राकर परमानन्द कोशले बनाए गए। पैरा पावरलिफ्टिंग डेवलपमेंट कमेटी चेयरमेन रोहित काले को रखा गया। को-चेयरमेन धर्मवीर सिंह एवं हरिनाथ एम को बनाया गया। सदस्य उदय साहू को रखा गया। इसके पश्चात पैरा शूटिंग डेवलपमेंट कमेटी चेयरमेन प्रदीप टंडन, को-चेयरमेन श्रीमती सोनल सिंह एवं अनिल शर्मा को बनाया गया। पैरा फाइनेंस कमेटी चेयरमेन राजकुमार खेमचंदानी एवं को-चेयरमेन राकेश सिंह ठाकुर को बनाया गया। सभी सदस्यों ने पैरा खिलाड़ियों के विकास के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया एवं विभिन्न कमेटी बनने से वह इतने सारे सदस्यों के जोडने से पैरा खिलाड़ियों को भविष्य में हर संभव मदद मिलने की उम्मीद जगी है।



























## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## एक्ट्रेस एम्मा का दावा-तलाक के बाद ट्रंप ने कहा था मुझे डेट पर चलने को

'हैरी पॉटर' फिल्म में काम कर चुकीं 66 साल की हॉलीवुड एक्ट्रेस एम्मा थॉम्पसन चर्चा में हैं। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लेकर एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। उन्होंने दावा किया है कि उनके पास ट्रंप की कॉल आई थी। उन्होंने एक्ट्रेस को रुकने और डिनर करने का ऑफर दिया था। 'हैरी पॉटर' फिल्म सीरीज के एक पार्ट में आपको वो जादूगरनी टीचर याद है, जो आंखों पर मोटा चश्मा पहनती थी। घुंघराले बाल थे और अक्सर ऐसी भविष्यवाणी करती थी, जिससे सभी डर जाते थे। ये किरदार हॉलीवुड की फेमस एक्ट्रेस एम्मा थॉम्पसन ने निभाया था। वो इस वक्त चर्चा में हैं। उन्होंने लोकार्नो फिल्म फेस्टिवल में एक खुलासा किया है, जब उनके पास अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कॉल आई थी। वो दावा करती हैं कि ट्रंप ने उन्हें आलीशान जगह पर आने और उनके साथ डिनर करने के लिए कहा था। अगर उन्होंने तब डेटिंग के लिए हां कह दिया होता तो अमेरिका की राजनीति का चेहरा बदल सकता था।



एम्मा थॉम्पसन से पहले हाल ही में एक्ट्रेस सलमा हायेक ने भी कुछ ऐसा ही खुलासा किया था। उन्होंने कहा था कि डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार उनसे बाहर घूमने के लिए कहा था, जबकि तब सलमा का बॉयफ्रेंड भी था। अब एम्मा ने बताया कि उन्हें अब के राष्ट्रपति से ऐसी ही कॉल आई थी।

ये ठीक उसी दिन हुआ, जिस दिन एम्मा का अपने पति केनेथ ब्रानघ से कोर्ट में तलाक फाइनल हुआ था। 66 साल की एक्ट्रेस ने उस दिन को याद किया, जब वो 'प्राइमरी कलर्स' की शूटिंग कर रही थीं और वैन में बैठी थीं।

### टॉलीवुड

## चिरंजीवी का फैंस को तोहफा, पहली झलक सामने आई 'विश्वंभरा' की

साउथ के चर्चित एक्टर चिरंजीवी की अपकमिंग फिल्म 'विश्वंभरा' की पहली झलक सामने आ चुकी है। फिल्म की इस पहली झलक में वह जबरदस्त एक्शन करते हुए दिखे। चिरंजीवी साउथ फिल्मों में अपने एक्शन अंदाज के लिए जाने जाते हैं। फिल्म 'विश्वंभरा' की पहली झलक में भी उनका यही अंदाज देखने को मिला है। इस झलक में एक लड़का और एक बूढ़ा आदमी बातचीत कर रहे हैं। दोनों विश्वंभरा की दुनिया में घटी भयानक घटनाओं पर बात करते हैं। बूढ़ा आदमी एक ऐसे इंसान की बात करता है, जिसके लालच के कारण महाविनाश होता है। उसी मौके पर एक रक्षक सामने आता है। उस रक्षक के तौर पर मेगास्टार चिरंजीवी की एंट्री होती है। एक्शन अंदाज में चिरंजीवी का किरदार बुरे लोगों से लड़ता हुआ नजर आता है। फिल्म 'विश्वंभरा' के साथ एक टैलेंटेड टीम जुड़ी है। प्रोडक्शन डिजाइन एएस प्रकाश ने किया है। सिनेमैटोग्राफर छोटा के. नायडू हैं। ऑस्कर विनर एमएम कीरवानी ने फिल्म का बैकग्राउंड म्यूजिक तैयार किया है। चिरंजीवी की इस फिल्म में वीएफएक्स का काम यूवी क्रिएशंस ने शानदार तरीके से करवाया है। इस फिल्म में चिरंजीवी के साथ एक्ट्रेस तृषा कृष्णन भी नजर आएंगी। साथ ही आशिका रंगनाथ और कुणाल कपूर भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। फिल्म 'विश्वंभरा' की पहली झलक में चिरंजीवी का अंदाज देखकर यूजर्स, उनके फैंस ने जमकर रिएक्शन दिए हैं। वह चिरंजीवी को जन्मदिन की बधाई भी दे रहे हैं। एक यूजर लिखता है, 'बॉस एंट्री है, सर।' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'वीएफएक्स कमाल के हैं, हैप्पी बर्थ डे सर।' ऐसी ही कई कमेंट्स यूजर ने चिरंजीवी और उनकी फिल्म की पहली झलक को लेकर दिए हैं।



### भोजपुरी

## 'प्यार में हैं हम' में जरीन के साथ रोमांस करते नजर आए पवन

पवन का एक और शानदार गाना 'प्यार में हैं हम' यूट्यूब पर रिलीज किया गया है। इस गाने में उनके साथ बॉलीवुड एक्ट्रेस जरीन खान रोमांटिक अंदाज में नजर आ रही हैं। इस गाने को यूट्यूब पर एक घंटे के अंदर 2 लाख से ज्यादा यूजर्स देख चुके हैं। इस गाने में पवन के साथ जरीन खान का रोमांटिक अंदाज यूजर्स को बेहद पसंद आ रहा है। इस गाने को पवन सिंह और पायल देव ने गाया है। इस गाने का म्यूजिक पायल देव ने ही कंपोज किया है। इस गाने के बोल कुणाल वर्मा ने लिखे हैं।



एक यूजर ने लिखा, '45 मिनट में 10 बार सुन चुके हैं फिर भी मन नहीं भरा', एक और यूजर ने लिखा, 'ट्रेंडिंगस्टार को नंबर 1 पर ले जाना है...', एक और यूजर ने लिखा, 'वॉइस किंग पवन भैया', एक और यूजर ने लिखा, 'ऐसा कोई शहर नहीं, जहां पवन सिंह का कहर नहीं...ये गाना भी 100 मिलियन के ऊपर तक पहुंच सकता है', एक और यूजर ने लिखा, 'पावर स्टार पवन सिंह भैया को दिल से शुक्रिया इस तरह का गाना लेने के लिए', एक और यूजर ने लिखा, 'पवन सिंह + पायल देव + जरीन खान + कुणाल वर्मा = मास्टरपीस', एक और यूजर ने लिखा, 'एक बार राजा बनने पर हमेशा राजा ही रहता है, पवन भैया- वही राजा हैं' पवन सिंह एक भारतीय राजनीतिज्ञ, पार्श्व गायक, अभिनेता और संगीतकार हैं। पवन भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में अपने बेहतरीन काम के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने संगीत समारोहों में हारमोनियम बजाकर, पर्दे के पीछे काम करके अपने संगीत करियर की शुरुआत की।




पिछले दशक में पुरुषों के परिधानों में ट्रेंड का उदय रेडी-टू-वियर शोज़ के साथ हुआ है। आज पुरुषों के परिधान से जुड़ा उद्योग खूब मुनाफा देता है। कई मायनों में फैशन की गति और उसकी दिशा को आज पुरुषों के परिधान तय करते हैं।

## परफेक्ट दिखने सीखें शिमर आईलाइनर का सही तरीका

जबसे सोशल मीडिया पर रील का ट्रेंड चला है तबसे हर कोई अपने मेकअप की वीडियो शेयर करता हुआ नजर आता है। उन्हें वीडियो को देखकर हम भी अच्छा मेकअप करने की कोशिश करते हैं। लेकिन आज भी कई सारी लड़कियां ऐसी हैं जिन्हें परफेक्ट लाइनर लगाने में दिक्कत होती है। खासकर आईलिड पर शिमर आईलाइनर लगना। इस तरीके के लाइनर पार्टी लुक के लिए परफेक्ट होते हैं।

लेकिन इन्हें लगाने के लिए आपको सही टिप्स और ट्रिक्स के बारे में पता होना चाहिए। ऐसे में आप मेकअप एक्सपर्ट पारुल गर्ग की इस विडियो को देखकर इस तरीके के आईलाइनर को लगाना सीख सकती है। इसमें उन्होंने स्टेप बाय स्टेप लाइनर लगाना सिखाया है। जिन्हें आप ट्राई करके अपने लुक को परफेक्ट तरीके से रेडी कर सकती हैं।

**स्टेप-1:**

इसके लिए सबसे पहले अपनी आंखों की लीड पर कंसीलर को अप्लाई करें। फिर इसे लूज पाउडर से सेट करें। अब अपनी आईलिड पर डार्क शेड को लगाएं। इसे अच्छे से स्मज करें।

**स्टेप-2 :**

डार्क शेड को स्मज करके पीछे की तरफ डार्क ब्लैक शेड को अप्लाई करें। इसके बाद सेंटर पर कंसीलर लगाएं। फिर आगे की तरफ पिंक डर्क शेड को अप्लाई करें। अब आईलिड पर विंग शिमर आईलाइनर लगाएं। आंखों के ऊपर अप्लाई गए कलर को आंखों के नीचे वाले हिस्से पर भी लगाएं। काजल लगाकर अपने लुक को कंप्लीट करें।

### इन शिमर आई लाइनर कलर का करें इस्तेमाल

इसके लिए आप सिल्वर कलर वाले शिमर आई लाइनर का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसमें आपको गोल्डन कलर भी मिल जाएगा। आप चाहे तो ब्रॉन्ज कलर को भी आंखों पर लगा सकती हैं। इसमें आपको मल्टी कलर वाले शिमर आईलाइन का पैलेट मिल जाएगा।



इन तरीकों से लगा सकती हैं आईलाइनर आप विंग्ड आईलाइनर (फेस के हिसाब से लगाएं लाइनर) को पार्टी पर ट्राई कर सकती हैं। डबल आई लाइनर से भी आप अपनी आंखों को परफेक्ट बना सकती हैं। फ्लोटिंग आईलाइनर भी आप ट्राई कर सकती हैं।

इस तरीके से आप अपनी आंखों पर शिमर आई लाइनर लगाकर पार्टी लुक के लिए रेडी हो सकती हैं। इनकी खास बात ये होती है कि इससे आपका बोल्ड आई मेकअप लुक परफेक्ट तरीके से रेडी हो जाता है। तो इस बार पार्टी में जाने के लिए इसे ट्राई करें।

## नमी से भरे मौसम में पहनें ऐसी साड़ियां, लुक दिखेगा सबसे अलग



बारिश के इस मौसम में उन लड़कियों और महिलाओं के लिए बड़ी परेशानी आ खड़ी होती है, जिन्हें साड़ी पहनना पसंद है। अगर इस मौसम में हैवी फैब्रिक की साड़ी पहनी जाए तो ये भीगने के बाद सूखने में काफी टाइम लेती है। यही वजह है कि बरसात में ज्यादातर लोग सूती या फिर शिफॉन के हल्के कपड़े पहनते हैं।

अगर आप बारिश के मौसम में साड़ी पहनकर जलवा बिखेरना चाहती हैं तो कुछ खास तरह की साड़ी आजकल चलन में हैं। हम आपको कुछ ऐसी अभिनेत्रियों के लुक्स दिखाएंगे, जिनके साड़ी लुक्स बारिश के मौसम के हिसाब से परफेक्ट हैं। इनसे टिप्स लेकर आप भी बारिश में अपना खूबसूरत अंदाज दिखा सकती हैं।

### फ्लोरल प्रिंट विद बॉर्डर

अगर लाइट रंग की साड़ी पसंद है तो आप करीना कपूर के जैसी साड़ी को अपने कलेक्शन में शामिल कर सकती हैं। इस साड़ी पर लगे हल्के बॉर्डर की वजह से इसका लुक खूबसूरत और कमाल का लग रहा है। बारिश में बाल उलझन पैदा न करें, उसके लिए बालों में पोनीटेल बनाएं।

### ब्लैक फ्लोरल



अगर दिन के समय साड़ी पहननी है तो ऐसी ब्लैक शिफॉन साड़ी पर फ्लोरल प्रिंट कमाल का लगेगा। ये देखने में भी काफी कलरफुल लग रही है। इसके साथ रश्मिका की तरह ही अपने बालों को स्लीक स्टाइल में बनाएं। अगर बाल लंबे हैं तो आप उन्हें कर्ल करके खुला रख सकती हैं।

### फ्लोरल प्रिंट

ऐसी कॉटन मिक्स फैब्रिक में फ्लोरल प्रिंट की साड़ी देखने में कमाल की लगती है। बारिश के बाद और पहले जब उमस का मौसम होता है तो कॉटन मिक्स फैब्रिक पसीने को आसानी से सोख लेती है। इसीलिए आप बिना हिचके इस प्रिंट की साड़ी को भी कैरी कर सकती हैं।

### प्लेन गुलाबी साड़ी

इस मौसम में इसी तरह के रंग ज्यादा खिलते हैं। ऐसे में आप चाहें तो आलिया भट्ट जैसी प्लेन गुलाबी साड़ी भी कैरी कर सकती हैं। इसके साथ अगर मन है तो अलग रंग का स्टाइलिश ब्लाउज कैरी करें। ऐसी साड़ी के साथ भी खुले बाल कमाल के लगते हैं।



## सनस्क्रीन इस्तेमाल करने के बाद

कई बार लोग शिकायत करते हैं कि सनस्क्रीन लगाने के बाद उन्हें बहुत पसीना आता है। इसके लिए आपको कुछ बातों का ध्यान रखने की जरूरत है। कुछ बातों का ध्यान रखकर आप इस परेशानी से छुटकारा पा सकते हैं। इसके साथ ही यहां हम आपको सनस्क्रीन के इस्तेमाल का सही तरीका बताने जा रहे हैं।



### वाटर-बेस्ड सनस्क्रीन का उपयोग करें

अक्सर हम मौसम का ध्यान रखे बिना ही सनस्क्रीन का इस्तेमाल करने लगते हैं। इसकी वजह से त्वचा पर काफई पसीना आता है। ऐसे में हमेशा वाटर-बेस्ड या जेल-बेस्ड सनस्क्रीन चुनें। ये त्वचा में जल्दी अवशोषित हो जाती है।

### इस्तेमाल करें प्राइमर

सनस्क्रीन लगाने से पहले मैटिफाइंग प्राइमर का उपयोग करें। यह त्वचा पर एक बेस बनाता है। ऐसे में जब आप प्राइमर इस्तेमाल करने के बाद सनस्क्रीन लगाएंगे तो पसीना भी कम आता है और सनस्क्रीन लंबे समय तक टिकी रहती है।

### कम मात्रा में सनस्क्रीन लगाएं

जरूरत से ज्यादा सनस्क्रीन लगाने से पसीना ज्यादा आ सकता है। थोड़ी मात्रा में लगाएं और जरूरत पड़ने पर दोबारा अप्लाई करें। आप इसे हर तीन घंटे पर इस्तेमाल कर सकते हैं।

### सनस्क्रीन को सेट करे

सनस्क्रीन लगाने के बाद इसे सही से सेट करने के लिए हल्का फेस पाउडर या सेटिंग स्प्रे का उपयोग करें। इससे त्वचा पर अतिरिक्त तेल नहीं बनता और पसीना कम आता है।

### टिशू का इस्तेमाल करें

अगर सनस्क्रीन लगाने के बाद पसीना आता है, तो इसे टिश्यू पेपर या हल्के कपड़े से धीरे-धीरे थपथपाकर साफ करें।

## कस कर चोटी बनाने की पड़ गई है आदत तो जान लीजिए इससे होने वाले नुकसान

खूबसूरत बालों के लिए आपको रोजाना हेयर केयर रूटीन को सही तरीके से फॉलो करना चाहिए। इसके लिए आप एक्सपर्ट की सलाह ले सकते हैं। हम सभी चाहते हैं कि हमारे बाल खूबसूरत और घने नजर आए और इसके लिए हम कई तरह के महंगे ट्रीटमेंट का सहारा भी लेते हैं। बदलते लाइफस्टाइल में बालों को सही तरीके से पोषण मिल पाना थोड़ा मुश्किल हो जाता है।वहीं गर्मी और चिपचिपाहट भरे मौसम में हम बालों को कसकर बांध लेते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इसके कई तरह के नुकसान भी होते हैं? अगर नहीं तो आइये जानते हैं बालों की कसकर छोटी बनाने से इन्हें किस तरह का नुकसान होता है। साथ ही, बताएंगे बालों की देखभाल करने के आसान टिप्स।

### बाल झड़ने लगते हैं?

वैसे तो बालों के झड़ने के कई कारण हो सकते हैं, लेकिन बालों की कसकर छोटी बनाने से स्कैल्प से बाल खिच जाते हैं। इसी वजह से जड़ से कमजोर होकर यह टूटने लगते हैं। बालों की देखभाल सही तरह से करने से आप इनका झड़ना भी रोक पाएंगे। वहीं कोशिश करें लूज ही बालों को बांधें और टाइट बांधने से बचाव करें।



### हेल्थ को भी नुकसान होता है?

बालों को कसकर बांध लेने से बाल खिच जाते हैं, जिससे आपके सिर में दर्द हो सकता है। इसके अलावा स्कैल्प से बाल खिच जाने से मानसिक तनाव यानी स्ट्रेस भी हो सकता है। अगर आप टाइट बाल बांधते हैं तो इन्हें लूज करने पर आपको जरूर रिलैक्स महसूस होता ही होगा।

**कार्नर न्यूज**

**मेकअप हटाने सिर्फ रिमूवर काफी नहीं, कुछ और भी काम जरूरी**

## मेकअप लगाना ही नहीं हटाना भी होता है मुश्किलों से भरा, त्वचा को हमेशा जवां रखने अपनाएं सही तरीका

अक्सर जब हम कहीं बाहर से आते हैं तो मेकअप हटाने के लिए सीधा मेकअप रिमूवर का इस्तेमाल करते हैं। इससे मेकअप पूरी तरह से साफ हो जाता है। सिर्फ मेकअप रिमूवल इस्तेमाल करने के बाद हम सो जाते हैं जबकि ऐसा करना आपकी त्वचा को काफी नुकसान पहुंचा सकता है। चेहरे से मेकअप हटाने के लिए आपको एक पूरी प्रक्रिया का सही से पालन करना चाहिए। बहुत सी महिलाओं को तो इस प्रक्रिया के बारे में जानकारी ही नहीं है।

इसी के चलते यहां हम आपको मेकअप हटाने का सही तरीका बताने जा रहे हैं, ताकि चेहरे से मेकअप पूरी तरह से हट जाए और आपका चेहरा हाइड्रेट भी रहे। इस प्रक्रिया को अपनाने के लिए आपको कुछ बातों का ध्यान रखने की आवश्यकता है। अगर आप इन बातों का ध्यान नियमित रूप से रखेंगी तो आपकी त्वचा मेकअप की वजह से कभी खराब नहीं दिखेगी, ना इसमें नमी की कमी होगी। सबसे पहले हाथ धोएं।



### मेकअप रिमूवर का उपयोग करें

हाथ धोने के बाद सबसे पहले आंखों और होंठों के मेकअप को हटाने के लिए एक जेंटल मेकअप रिमूवर का उपयोग करें। ये त्वचा संवेदनशील होती है, इसलिए इसे धीरे-धीरे और सावधानी से साफ करें। ध्यान रखें कि रिमूवर आंखों के अंदर न जाए।

### क्लीनिंग ऑयल


आंख और होंठ साफ करने के बाद चेहरे पर लगे मेकअप को हटाने के लिए एक क्लीनिंग ऑयल का उपयोग करें। इसे कॉटन पैड पर लेकर पूरे चेहरे पर धीरे-धीरे रगड़ें।

### अब करें फेस वॉश

मेकअप रिमूव करने के बाद चेहरे को अच्छी तरह से साफ जरूर करें। ये आपकी त्वचा से बचे हुए मेकअप और क्लीनिंग ऑयल को पूरी तरह से हटा देगा।

### टोनर का उपयोग करें

मेकअप की वजह से त्वचा के पोषक तत्व कम हो जाते हैं। ऐसे में मेकअप हटाने के बाद टोनर का इस्तेमाल करें। ये त्वचा के पीएच स्तर को संतुलित करता है और त्वचा के पोर्स को साफ करता है।



### मॉइश्चराइजर लगाएं

मेकअप हटाने और चेहरा साफ करने के बाद अपनी त्वचा को हाइड्रेट करने के लिए एक अच्छा मॉइश्चराइजर लगाएं। ये आपकी त्वचा की नमी बरकरार रखने का काम करता है।